संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक -37 रविवार 08 दिसम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बाबरी विध्वंस मुद्दे पर महाराष्ट्र में आईएनडीआईए में फूट

» **समाजवादी पार्टी एमव्हीए से अलग हुई...**

» **शिवसेना यूबीटी से कहा- आपमें और बीजेपी में फर्क नहीं...**

**मुंबई,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** बाबरी विध्वंस को लेकर शिवसेना के अखबार में दिए एक विज्ञापन और सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन में फूट पड़ गई है। समाजवादी पार्टी ने शनिवार को ऐलान किया है कि वह महाराष्ट्र में एमव्हीए से अलग हो रही है। साथ ही यह भी कहा कि शिवसेना और भाजपा में कोई फर्क नहीं। दरअसल, शिवसेना ने अखबार में विज्ञापन देकर बाबरी मस्जिद ढहाने वालों





को बधाई दी थी। इसके साथ ही उद्धव ठाकरे के करीबी मिलिंद नार्वेकर ने इसे लेकर X पर पोस्ट भी किया था। इसे लेकर महाराष्ट्र में समाजवादी प्रमुख अबु आजमी ने कहा- शिवसेना ने अखबार में विज्ञापन देकर उन लोगों को बधाई दी जिन्होंने बाबरी मस्जिद ढहाई। उद्धव के करीबी ने एक्स पर पोस्ट करके मस्जिद के ढहाए जाने की तारीफ की। हम एमव्हीए से अलग हो रहे हैं। मैं इस बारे में समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव से बात कर रहा हूं।


### अबु आजमी बोले...हम एमव्हीए के साथ गठबंधन में क्यों रहें ?

सोशल मीडिया पोस्ट में मिलिंद नार्वेकर ने बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की तस्वीर के साथ शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का कोट लगाया, जिसमें उन्होंने कहा था- जिन्होंने ये किया, मुझे उन पर गर्व है। इस पोस्ट में उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और खुद मिलिंद नार्वेकर की तस्वीर भी लगाई गई।अबु आजमी ने इस पोस्ट को लेकर कहा कि अगर एमव्हीए में कोई इस तरह की बात कर सकता है, तो उसमें और बीजेपी में क्या फर्क रह गया? हम उनके साथ गठबंधन में क्यों रहें?आजमी ने एक्स पोस्ट में कहा कि सपा अकेले चल लेगी, लेकिन शिवसेना यूबीटी की सांप्रदायिक विचारधारा का हिस्सा बनना हमें गवारा नहीं। समाजवादी पार्टी सांप्रदायिकता के खिलाफ थी, है और हमेशा रहेगी।

### अबु आजमी बोले...बाबरी मस्जिद ढहाने में संविधान को नहीं माना गया

6 दिसंबर को बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अबु आजमी ने कहा था-हम खुद को बहुत खुशनसीब मानते हैं कि हम बाबासाहेब के बनाए संविधान पर चलते हैं। हालांकि बाबरी मस्जिद के मामले में संविधान को नहीं माना गया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि मेजॉरिटी चाहती है कि बाबरी मस्जिद की जगह पर मंदिर बने। मेजॉरिटी चाहती है, संविधान नहीं। अगर मेजॉरिटी से फैसला होगा, तो हम तो हमेशा माइनॉरिटी में रहेंगे। हमेशा हमारे खिलाफ ही फैसला होगा। और 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद क्यों ढहाई गई? ये दिखाने के लिए कि हम संविधान को नहीं मानते।

## खान सर की तबियत बिगड़ी,अस्पताल में भर्ती



**पटना,07 दिसम्बर 2024(ए)।** यूट्यूब में छाये रहने वाले बिहार के सेलिब्रिटी टीचर खान सर की तबीयत बिगड़ गई है। डिहाइड्रेशन और फीवर के बाद उन्हें प्रभात मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कल ही वो बीपीएससी अभ्यर्थियों के आंदोलन में शामिल हुए थे। इसके बाद आज खान सर के ट्विटर हैंडल से फेक पोस्ट को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई है। गौरतलब है कि छह दिसंबर को बिहार में 70 वीं बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के नियम में बदलाव को लेकर खान सर छात्रों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद शनिवार की सुबह उन पर एफआईआर दर्ज होने की खबर प्राप्त हुई थी। बता दें कि 13 दिसंबर को होने वाली बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के नियम में बदलाव को लेकर राजधानी पटना में बीपीएससी दफ्तर के बाहर सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी उग्र प्रदर्शन कर रहे थे।

## ब्रांडेड कंपनियों की पैकिंग में बिक रही नकली चाय,मामले में जांच जारी

**बालासोर,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** ओडिशा के बालासोर जिले में पुलिस ने एक फैक्ट्री पर छापा मारकर नकली चाय बनाने और देश के बड़े ब्रांडों के नाम का गलत इस्तेमाल करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री जलेश्वर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 60 के पास अग्रवाल चौक पर चल रही थी। कई बार की गई शिकायतों के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने इस गोरखधंधे पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे। इसके बाद एक विशेष टीम और स्थानीय पुलिस ने मिलकर इस नकली चाय पैकिंग फैक्ट्री पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस को कई जानी मानी कंपनियों के नाम और लोगो वाली पैकिंग में नकली चाय बिकती हुई मिली। जांच में सामने आया कि स्थानीय बाजार से सस्ती चाय



खरीदकर उसे बड़े ब्रांड्स के नाम से पैक करके बेचा जा रहा था। हैरानी की बात तो यह थी कि यह फैक्ट्री एक किराए के मकान में ऑटो पार्ट्स की दुकान के नाम से चल रही थी। बाहर एक साइनबोर्ड भी लगाया गया था ताकि किसी को शक न हो। लेकिन अंदर बड़े पैमाने पर नकली चाय की पैकिंग का काम चल रहा था।

पुलिस ने मौके से चाय पैकिंग मशीनें,कई बड़े ब्रांड्स के लोगो छपे पॉलिथीन बैग और पैकिंग का अन्य सामान जब्त कर लिया। पुलिस की जांच में यह भी पता चला कि फैक्ट्री पिछले 2-3 सालों से यह गोरखधंधा कर रही थी। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर निशान मट्टू ने छापेमारी के बाद कहा, हमें यहां टाटा टी गोल्ड और टाटा टी प्रीमियम जैसी पैकेजिंग वाले प्रोडक्ट मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। हमने सभी प्रोडक्ट को एक जगह इकट्ठा कर लिया है और अब इनकी सूची तैयार करेंगे। इसके बाद मैं एक रिपोर्ट बनाऊंगा, जिसमें फैक्ट्री मालिक की बात भी सुनी जाएगी और उनसे हस्ताक्षर लिए जाएंगे। फिर यह रिपोर्ट दिल्ली हाई कोर्ट में जमा की जाएगी।





## अनिल टुटेजा की गिरफ्तारी के तरीके को लेकर ईडी पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने ईडी के सामने सवालों की झड़ी लगा दी। प्रवर्तन निदेशाल द्वारा पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार करने के तरीके पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया और इसे परेशान करने वाली चीज कहा। कोर्ट ने नोट किया कि टुटेजा को एक के बाद एक लगातार नोटिस पूछताछ के लिए भेजे गए और उनसे रात भर पूछताछ की गई फिर सुबह चार बजे गिरफ्तार दिखाया गया। अदालत ने कहा कि इस तरह का चलन गलत है।

**रोकने के उपाय अपनाए जा रहे हैं...**

ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ने कहा कि ऐसी चीजों को रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने 29 अक्टूबर 2024 को जारी ईडी की प्रेस रिलीज का हवाला दिया। इसमें गिरफ्तारी और पूछताछ के बारे में निर्देश जारी किए गए थे। ये टिप्पणियां न्यायमूर्ति अभय एस ओक और जस्टिस अगस्टिन जार्ज मसीह की पीठ ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी अनिल टुटेजा की याचिका पर सुनवाई के दौरान कीं।

## सरकार का 1,500 रुपये से ज्यादा के कपड़ों पर जीएसटी बढ़ाना घोर अन्याय

**नई दिल्ली,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आम जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ा रही है, जबकि पूंजीपतियों को टैक्स में राहत दी जा रही है।उन्होंने ये भी दावा किया कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है।



राहुल ने लिखा, सुनने में आ रहा है कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है। आपकी जरूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। जरा सोचिए अभी शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच 1,500 रुपये से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने जा रही है

## मोदी पर हमले की साजिश रच रहा मैनेजर हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** पीएम नरेन्द्र मोदी को जान से मारने का मैसेज भेजने वाले आरोपित मिरजा नदीम बेग को पुलिस ने राजस्थान के अजमेर में गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पालनपुर स्थित प्राइवेट कंपनी का कर्मचारी है।


अजमेर एटीएस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि नदीम ने महाराष्ट्र के गोवंडी थाने में वाट्सएप पर संदेश भेज कर कहा कि उसकी कंपनी का मालिक, जो धनबाद में हथियार की फैक्ट्री भी संचालित करता है, ट्रेन में विस्फोट और प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रच रहा है। पुलिस के अनुसार नदीम भी धनबाद का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक, यह संदेश अजमेर के एक नंबर से भेजा गया था। मुंबई पुलिस की सूचना पर अजमेर पुलिस ने



तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया। मुंबई पुलिस को शनिवार (7 दिसंबर 2024) को एक धमकी भरा मैसेज मिला। यह मैसेज अजमेर, राजस्थान में रजिस्टर्ड एक नंबर से भेजा गया था। आरोपी मिरजा मोहम्मद नदीम बेग एक कंपनी के कर्मचारी है, जिन्होंने अपने मैनेजर से झगड़े के बाद यह धमकी भरा संदेश भेजा था। आरोपी ने बताया कि कंपनी का मैनेजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या और धनबाद में बम विस्फोट की साजिश रच रहा है। इसके बाद पुलिस ने लोकेशन ट्रेस की और अजमेर रेलवे स्टेशन के बाहर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि वह गुजरात के पालनपुर स्थित एक कंपनी में काम करता था और मैनेजर के झगड़े के बाद उसे यह घमकी भरा संदेश भेजा। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन को पहले भी कई बार फर्जी धमकी भरे संदेश मिले हैं।

## गांव में चली गोलियां

**मुंगेर,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सीताकुंड डीह गांव में शुक्रवार को वर्चस्व की लड़ाई को लेकर गोलीबारी हुई है। जिसका वीडियो अब सामने आया है। हालांकि, पुलिस ने पांच राउंड गोली चलने की पुष्टि की है।



इसके अलावा गोलीबारी की घटना के बाद पत्थर बाजी और मारपीट भी हुई है। घटना में एक महिला सहित तीन लोग घायल हुए हैं। गोलीबारी की घटना में शामिल पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सीताकुंड डीह निवासी लक्ष्मण बींद और फालो सिंह के रूप में हुई है। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों से थाना में आवेदन दिया गया है। जिसमें पहले पक्ष से फालो सिंह ने आवेदन दिया गया है। उसमें लक्ष्मण सिंह, संजय सिंह, जहरू सिंह और बदरी सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दूसरे पक्ष से लक्ष्मण सिंह ने आवेदन दिया है, जिसमें फालो सिंह, भूटो सिंह, रामो कुमार, रेश्मा देवी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।



## पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नईदिल्ली,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट 12 दिसंबर को पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की विशेष पीठ दोपहर 3:30 बजे मामले की सुनवाई करेगी।याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह कानून मनमाना और अनुचित है और धर्म का पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है।

## एक ही सांप मेरे पीछे पड़ा है और 11 बार डस चुका है...

» **19 साल की युवती के दावे से यूपी में मचा हड़कंप**

» **डॉक्टरों को मिले सांप के काटने के निशान**

» **पहले भी 3 बार अस्पताल आ चुकी युवती**

» **कौशांबी ने भी 7 बार काटने का मामल**

**महोबा,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** उत्तर प्रदेश के महोबा में 19 साल की युवती के दावे में सभी के होश उड़ा दिए हैं। युवती का कहना है कि एक सांप उसके पीछे पड़ा है और वो 11 बार काट चुका है।

बीते दिनों युवती बेहोश पाई गई तो परिजन लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। होश आने पर चरखारी क्षेत्र के पंचमपुरा गांव के दलपत अहिरवार की 19 वर्षीय बेटी रोशनी ने बताया कि उसे सांप ने काटा है। यही सांप पहले कई बार काट चुका है।

डॉक्टर हैरानज लेकिन नहीं कर पा रहे भरोसा



डॉक्टर युवती का इलाज जरूर कर रहे हैं, लेकिन एक ही सांप द्वारा बार-बार काटे जाने के दावे पर भरोसा नहीं कर रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, हो सकता है कि यह युवती का भ्रम हो।

जिला अस्पताल के डॉ. राजेश भट्ट का कहना है कि सर्प दंत के इलाज के लिए युवती को पहले भी अस्पताल लाया जा चुका है। वे खुद तीन बार उसका इलाज कर चुके हैं।

डॉ. राजेश भट्ट ने आगे बताया कि इस बार भी



युवती के शरीर पर डसने का निशान है। उसे एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन लगाया गया, जो सांप के डसने पर पीड़ित को लगाया जाता है, जिससे शरीर में विष का असर न हो।

हालांकि इस बार डॉक्टर पूरी तरह से पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं कि युवती को सांप ने ही डसा है। इस बीच, युवती के परिजन परेशान है। वहीं गांव वालों में दहशत का माहौल है।

कौशांबी जिले में भी आ चुका ऐसा ही मामला

यूपी में यह पहला मौका नहीं है, जब एक ही सांप द्वारा बार-बार काटे जाने का दावा दिया जा रहा हो। इससे पहले कौशांबी जिले में मंझनपुर तहसील के लक्ष्मना पुर गांव में एक किशोरी ने कहा था कि साल भर में सात बार सांप डस चुका है। मामला सामने आने के बाद से परिवार और गांव वाले दहशत में हैं।

## 93 साल की दादी की अंतिम इच्छा का रखा मान

### अफसरों ने खोल दिए जेल के दरवाजे,किस जुर्म में थी कैद ?

**कलबुर्गी,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** कर्नाटक के कलबुर्गी में 93 साल की उम्र में जेल की सजा काट रही एक महिला की अंतिम इच्छा उपलोकायुक्त एनबी वीरप्पा ने पूरी कर दी है। हाल ही में जेल के दौरे पर आए एनबी वीरप्पा ने इस बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य को देखते हुए उनके पैरोल को मंजूरी दे दी। इसके बाद जेल से छूट कर अपनी बेटी के घर पहुंची महिला की मौत हो गई. इस महिला के खिलाफ करीब 26 साल पहले दहेज के लिए बहु को प्रताड़ित करने का आरोप लगा था।

इसी मामले में साल 2022 में कलबुर्गी हाईकोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई थी। परिजनों के मुताबिक 26 साल पहले कलबुर्गी में रहने वाली महिला नागम्मा के घर में विवाद हुआ था। उस समय उनकी बहु ने नागम्मा समेत उनके परिवार के खिलाफ जेवार्गी थाना पुलिस में दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करा दिया था। मामले की सुनवाई लोवर कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट कलबुर्गी तक हुई। लोवर कोर्ट में तो नागम्मा के खिलाफ दोष साबित नहीं हुआ, लेकिन कलबुर्गी हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान वह दोषी पायी गई।

### 92 साल की उम्र में हुई थी सजा

इसके बाद साल 2022 में हाई कोर्ट ने उन्हें 92



साल की उम्र में सजा सुना दिया था। उसी समय पुलिस ने बजुर्ग महिला नागम्मा को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। यहां जेल में आने के बाद इनकी तबियत खराब रहने लगी थी. जेल प्रबंधन के मुताबिक पिछले महीने उपलोकायुक्त एनबी वीरप्पा ने जेल का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कैदियों के साथ संवाद किया था।

### पूरी हुई अंतिम इच्छा

उसी समय उनकी नजर नागम्मा पर पड़ी. कुशल क्षेम पूछते समय नागम्मा ने उन्हे कहा था कि उनका अंतिम समय चल रहा है और वह अपने घर में मरना चाहती हैं। उनकी हालत को देखते हुए उपलोकायुक्त ने तत्काल पैरोल प्रासेस शुरू करने के लिए कहा। इसी क्रम में नागम्म को पैरोल मिली और वह जेल से छूट कर अपनी बेटी के घर पहुंच गई थी। जहां बीमारी के दौरान ही उनकी मौत हो गई है।

## संपादकीय

# टिकाऊ हल की तलाश

प्रदूषण से भारत की छवि को नुकसान पहुंचा है। दिल्ली में हर साल औसतन 275 दिन खराब हवा दर्ज की जाती है। ये मुश्किलें स्पष्ट हैं। फिर भी टिकाऊ हल की तलाश का कोई गंभीर प्रयास होते हम नहीं देख रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में छाया जहरीला धुआं इस महीने की प्रमुख खबरों में रहा है। इस बीच यह जिक्र भी हुआ है कि एनसीआर की बदहाली तो फिर भी सुर्खियों में आ जाती है, लेकिन देश के बहुत-से शहरों के प्रदूषण पर शायद ही कभी ध्यान जाता है, जबकि वहां हाल किसी रूप में बेहतर नहीं है। फिर प्रदूषण पर चर्चा अक्सर स्वास्थ्य के नजरिए से होती है...जबकि अर्थव्यवस्था पर होने वाले खराब असर पर अक्सर बात नहीं होती। जबकि हकीकत यह है कि इसका अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण से हर साल देश की जीडीपी के लगभग तीन प्रतिशत हिस्से का का नुकसान हुआ है। डलबर्ग नाम की ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म ने यह अनुमान लगाया था।बेशक प्रदूषण के नुकसान को पैसों में नहीं तोला जा सकता। फिर भी इसकी आर्थिक कीमत भी बहुत महंगी है, यह साफ है। सघन प्रदूषण के समय दफ्तरों का बंद होना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण लोगों का काम पर ना जा पाना, बीमारियों के इलाज, समय से पहले मौत, और इन सबके परिवारों पर पडऩे वाले असर की कीमत बेहद महंगी है। बाजार विशेषज्ञों की राय में प्रदूषण का उपभोक्ता अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ा है। इसकी वजह से इस सीजन में लोग बाजारों और रेस्तराओं में कम जाते हैं।दिल्ली पर गौर करें, तो जो इस समस्या के कारण राष्ट्रीय राजधानी को अपनी जीडीपी के छह फीसदी हिस्से का नुकसान हर साल हो रहा है। तजुर्बा यह है कि सेहत को लेकर सजग लोग बाहर निकलने से बचते हैं, जिससे व्यापार प्रभावित होता है। पर्यटन उद्योग पर भी इसका असर पड़ा है। सर्दियों के मौसम में ज्यादातर विदेशी पर्यटक भारत आते रहे हैं। लेकिन अब धुंध की वजह से वे अपना प्रोग्राम टाल देते हैं। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूअर ऑपरेटर्स के मुताबिक प्रदूषण से भारत की छवि को नुकसान पहुंचा है। दिल्ली में हर साल औसतन 275 दिन खराब हवा दर्ज की जाती है। ये मुश्किलें स्पष्ट हैं। फिर भी टिकाऊ हल की तलाश का कोई गंभीर प्रयास होते हम नहीं देख रहे हैं।

## जंगल की कटाई

जंगल की कटाई पर,प्रतिबंध लगाना हैं! जीव जंतु पशु पक्षी,का संरक्षण करना हैं!
जल जंगल जीवनदाता हैं,
धरती में बारिश लाता हैं!
पेड़-पौधे से ही हमें,
स्वच्छ ऑक्सीजन मिलता हैं!
जंगल की कटाई,
वन्य जीव का शिकार!
हमको नहीं करना हैं,
इसी में हम सबका भलाई हैं!
जंगल से हमें जलाऊ लकड़ी,
फल चारे औषधि मिलते हैं!
जंगल हमारे लिए प्रत्यक्षारूप,से लाभदायक होते हैं!
जंगल के बारे में,
लोगों में जागरूकता लाना हैं!
जंगल एवम् वन्य जीव,
का संरक्षण करना हैं!



**कृष्णा चौहान**
अमेरी, तह.-बरमकेला
-सारंगढ़-बिलाईगढ़
(छ.ग.)

# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चमक रहे हैं...

***फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की...उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे।***



महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती।

तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निर्माता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है।

यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरुआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणाम स्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा।

फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया।

2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता,दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प,राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2014, 2019 और 2024 के विधानसभा के चुनाव भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में लड़े और शानदार प्रदर्शन किया, तीनों बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। 2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, हालांकि राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर उस वक्त उन्होंने तीन दिन की सरकार जरूर बनाई। यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया। भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस ने अपने योगदान का पुरजोर दावा किया है। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी छह क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं। उनको मिली शानदार सफलता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें मिला अटूट समर्थन था। संघ इस बात पर अड़ा हुआ था कि भाजपा को कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखने के लिए इस बार मुख्यमंत्री पद के लिए राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की तरह लो-प्रोफाइल नेता नहीं चाहिए और फडणवीस ही इस पद के लिए उसकी पहली पसंद हैं। शाह, योगी और फडणवीस-इन तीनों के सामने अभी बहुत वर्षों की राजनीति शेष है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर बढ़ते हुए फडणवीस को ऐसे सर्वमान्य व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो खींचतान और दबाव के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, उनमें हर बड़ी-से-कड़ी जिम्मेदारी को निभाने की क्षमता है। इस विधा में उनके कौशल का परीक्षण अब महाराष्ट्र में तीन-पक्षीय गठबंधन सरकार के नेतृत्व से होने जा रहा है।

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# भारतीय संविधान में कलात्मकता

हमारा भारत देश संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का एक जीता जागता अनुभव है। इसके इतिहास को सरल शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। इससे भी अधिक कठिन है पांच हजार से अधिक वर्षों की सभ्यता के इतिहास को एक दस्तावेज़ के रूप में व्यक्त करना, जो देश की स्वतंत्रता के समय एक नए स्वतंत्र हुए राष्ट्र के भाग्य का मार्गदर्शन करने वाला हो। लेकिन आचार्य नंदलाल बोस केवल एक कलाकार नहीं थे और भारत के संविधान पर चित्रण उनके लिये केवल एक और कार्य नहीं था। संविधान में चित्रण के लिए उनकी दृष्टि हड़प्पा सभ्यता के समय से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक भारत की यात्रा का वर्णन करती है।यह सभी चित्रण संविधान के अंतिम पृष्ठ पर सूचीबद्ध हैं और उन्हें बारह ऐतिहासिक काल में वर्गीकृत किया गया है- मोहनजोदड़ो काल,वैदिक काल, महाकाव्य काल, महाजनपद और नंद काल, मौर्य काल, गुप्त काल, मध्यकालीन काल, मुस्लिम काल, ब्रिटिश काल, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी आंदोलन और प्राकृतिक विशेषताएँ। संविधान की शुरुआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे,इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिड़ियाघर गए। प्रस्तावना पृष्ठ और कई अन्य पृष्ठों को बेहर राममनोहर सिन्हा ने डिजाइन किया था। नंदलाल बोस ने बिना किसी बदलाव के प्रस्तावना हेतु सिन्हा जी की बनाई कलाकृति का समर्थन किया। इस पृष्ठ पर निचले दाएं कोने में देवनागरी में सिन्हा का संक्षिप्त हस्ताक्षर राम है।संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है। बॉर्डर के चार कोनों में चार पशुओं को दर्शाया गया है। दर्शाए गए चार जानवर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के आधार से लिए गए हैं। बॉर्डर की कलाकृति में कमल की आकृति प्रमुखता से दिखाई देती है। कमल की आकृति बॉर्डर कलाकृति में प्रमुखता से दिखाई देती है।संविधान का प्रत्येक भाग एक चित्र से आरंभ होता है और अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग बॉर्डर डिज़ाइन दर्शाए गए हैं। कलाकारों के हस्ताक्षर चित्र पर और बॉर्डर के पास दिखाई देते हैं जो इस प्रोजेक्ट में सभी के सहयोग को दर्शाता है। अनेक पृष्ठों पर कई हस्ताक्षर हैं जो बंगाली, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में दिखाई देते हैं। भारत के संविधान के भाग 19 में विविध विषयों से संबंधित एक चित्र है जिसमें नेताजी सैन्य पोशाक में अपने सैनिकों से घिरे हुए सलामी दे रहे हैं। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्रण पर दिखाई देते हैं और ए. पेरुमल के हस्ताक्षर पृष्ठ के बाएं निचले कोने पर दिखाई देते हैं। वे कला को लोगों तक ले जाने वाले कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। वे शांतिनिकेतन के गाँवों में जाते और संथाल घरों की दीवारों को जानवरों, पक्षियों और पेड़ों वाली प्रकृति की थीम से सजाते। वे शांतिनिकेतन के कला भवन में चार दशकों से अधिक समय तक नंदलाल बोस जैसे महान कलाकारों के साथ रहे और काम किया, उन्हें स्नेह से पेरुमलदा कहा जाता था।संविधान का भाग 4, जो प्रथम अनुसूची के भाग, में राज्यों से संबंधित है, वह ध्यान में बैठे भगवान महावीर की समृद्ध रंगीन चित्र से शुरू होता है, जिसमें वे अपनी आँखें बंद करके और हथेलियाँ एक दूसरे पर टिकाकर बैठे




हुए हैं। भगवान महावीर के दोनों ओर एक-एक पेड़ हैं और फ्रेम में एक मोर भी दिखाई दे रहा है जो प्रकृति में सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को दर्शाता है। यह मूल संविधान के कुछ रंगीन चित्रों में से एक है। रंगीन चित्रों में जमुना सेन और नंदलाल बोस के हस्ताक्षर हैं। इस पृष्ठ पर बॉर्डर डिज़ाइन में राजनीति नामक कलाकार के हस्ताक्षर भी हैं।भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों पर केंद्रित है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्रों में भारत के दो वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह को दिखाया गया है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्र धीरेंद्र कृष्ण देब बर्मन द्वारा बनाए गए हैं, जो त्रिपुरा राजघराने के सदस्य थे और रवींद्रनाथ टैगोर और नंदलाल बोस के साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे। बॉर्डर डिज़ाइन पर कृपाल सिंह शेखावत के हस्ताक्षर हैं, जो भारत के एक प्रसिद्ध कलाकार और मिट्टी के बर्तन बनाने वाले थे, जिन्हें जयपुर की प्रतिष्ठित ब्लू पॉटरी की कला को पुनर्जीवित करने के लिए जाना जाता है।शांतिनिकेतन में ललित कला संस्थान कला भवन ने भारत और दुनिया के सभी कोनों से छात्रों और कलाकारों को आकर्षित किया, इस प्रकार विभिन्न प्रभावों को समाहित करते हुए उत्कृष्टता की निरंतर खोज करते हुए एक इकोसिस्टम निर्मित किया और अंत में, एक अनूठी भारतीय शैली और कला निर्मित की। इस पर काम करने वाले कई कलाकारों ने अपने करियर में महान ऊंचाइयों को हासिल किया, लेकिन इस परियोजना के समय शांतिनिकेतन के छात्र और सहयोगी ही थे जो अपने श्रद्धेय मास्टर मोशाय' नंदलाल बोस के सपने को जीवंत करने के लिए प्रयत्नशील थे।संविधान में चित्रों की प्रेरणा भारत के विशाल इतिहास, भौतिक परिदृश्य, पौराणिक चित्र और स्वतंत्रता संग्राम में निहित है। भारत के संविधान का भाग 13 भारतीय क्षेत्र में व्यापार, वाणिज्य और उनके परस्पर संबंधो' से संबंधित है। इस पृष्ठ पर दिया गया चित्रण महाबिलापुरम में स्मारकों के समूह का हिस्सा है जो यूनेस्को द्वारा अंकित विश्व धरोहर स्थल है। गंगा का अवतरण' एक बड़ी, खुली हवा में बनी चट्टान की नक्काशी वाली मूर्ति है जो स्वर्ग से धरती पर गंगा नदी के उतरने के कथा को पत्थर में दर्शाती है। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्र पर दिखाई देते हैं और जमुना सेन का नाम बॉर्डर के बाएं निचले कोने पर दिखाई देता है।भाग 3 जो मौलिक अधिकारों से संबंधित है, उसमें रामायण का एक दृश्य दिखाया गया है। इस पृष्ठ के बॉर्डर पर जमुना सेन के हस्ताक्षर हैं। भाग 4 जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है, उसमें महाभारत का एक दृश्य दिखाया गया है। बानी पटेल और नंदलाल बोस के नाम दाईं ओर नीचे दिए गए चित्रण पर दिखाई देते हैं और विनायक शिवराम मसोजी का नाम बॉर्डर के बाएं कोने पर दिखाई देता है।संविधान का भाग 7 पहली अनुसूची के भाग बी में शामिल राज्यों' से संबंधित है। इस खंड की शुरुआत में दिए गए चित्रण में सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म के प्रसार को दर्शाया गया है। उन्हें हाथी पर सवार दिखाया गया है, जो सभी तरह के साज-सज्जा से सुसज्जित है और बौद्ध भिक्षुओं से घिरा हुआ है। यह चित्रण अजंता की शैली में है, जिसमें भिक्षुओं को शरीर के ऊपरी हिस्से को बिना वस्त्रों और आभूषणों के साथ दिखाया गया है। यह चित्रण नंदलाल बोस द्वारा किया गया था, जिनका काम अजंता भित्तिचित्रों में पाई जाने वाली कलात्मक परंपराओं से बहुत प्रभावित था। चित्रण के निचले बाएँ भाग पर ए. पेरुमल का नाम भी दिखाई देता है। बॉर्डर डिज़ाइन में ब्योहर राममनोहर सिन्हा के हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने प्रस्तावना और कई अन्य पृष्ठों को भी डिज़ाइन किया था। यहाँ उन्होंने हिंदी में राममनोहर के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। यह संविधान के उन कुछ पन्नों में से एक है, जिस पर नंदलाल बोस और उनके सबसे वरिष्ठ छात्र ब्योहर राममनोहर सिन्हा दोनों के नाम हैं।भारत का संविधान इस मायने में अनूठा है कि यह मूल रूप से एक हस्तलिखित दस्तावेज़ था। इसे अंग्रेजी में प्रेम बिहारी रायज़ादा और हिंदी में वसंत के. वैद्य ने सुलेखित किया था। रायज़ादा ने प्रवाहपूर्ण इटैलिक शैली का इस्तेमाल किया और सुलेख की कला अपने दादा से सीखी। संविधान हॉल (जिसे अब कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया के नाम से जाना जाता है) के एक कमरे में काम करते हुए, उन्होंने छह महीने के दौरान दस्तावेज़ तैयार किया। उन्होंने इसे लिखते समय सैकड़ों पेन निब का इस्तेमाल किया। भारत के संविधान के अंग्रेजी संस्करण के सुलेखक प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा (प्रेम) के हस्ताक्षर दस्तावेज़ के हर पृष्ठ पर दिखाई देते हैं। राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना को शुरू करने के लिए उन्होंने यही एकमात्र अनुरोध किया था।भारत का संविधान एक मौलिक कला ग्रंथ है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है। भारतीय संविधान में कलात्मकता भारत के बहुस्तरीय इतिहास को दर्शाती है और सामाजिक सांस्कृतिक, पौराणिक, क्षेत्रीय, आध्यात्मिक, भौतिक परिदृश्य तथा अन्य कारकों के प्रति श्रद्धांजलि है जो भारत को एक अद्वितीय और जीवंत अनुभव बनाते हैं।यह एक ऐसे राष्ट्र की वास्तविकता को दर्शाता है जो अपने प्राचीन अतीत को स्वीकार करता है, विविधता में एकता का उत्सव मनाता है और भविष्य की ओर देखता है।

**-गजेंद्र सिंह शेखावत-**

# अमेरिका का भविष्य सवालों में घिरा

ऐतिहासिक राजनीतिक वापसी के बाद आत्मविश्वास से भरे डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका फर्स्ट योजना को साकार करने को संकल्पित हैं। ट्रंप ने जिन सहयोगियों को अपनी कैबिनेट का हिस्सा बनाया है, उससे भविष्य के अमेरिका की बदली हुई और नई छवि उभर कर आने के संकेत मिल रहे हैं।हालांकि आशाओं और आकांक्षाओं से भरपूर ट्रंप की कैबिनेट को लेकर आशंकाएं भी कम नहीं हैं। ट्रंप आर्थिक सहयोग पर आधारित रणनीतिक भागीदारियों को अमेरिकन जनता के पैसों का दुरुपयोग समझते हैं, और इन्हें गैर-जरूरी बताते हैं। ट्रंप ने नाटो में अमेरिकी भागीदारी पर पुनर्विचार करने और कुछ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को कम करने का सुझाव दिया है। ट्रंप ने मार्को रूबियो को विदेश मंत्री बनाया है। रूबियो ने अमेरिका फर्स्ट दृष्टिकोण के



साथ ही वैश्विक मंच पर अमेरिका का सम्मान पुन- हासिल करने का वादा किया है। वे चीन, ईरान और क्यूबा सहित अमेरिकी भू-राजनीतिक दुश्मनों के संबंध में सशक्त विदेश नीति की वकालत करते हैं। भारत के लिए उनके विचार बेहद सकारात्मक हैं, जो अमेरिकी विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए भारत को जापान, इस्त्रइल, दक्षिण कोरिया और नाटो के समकक्ष रखने की बात कहते हैं। रूबियो पाकिस्तान की आतंकवाद को बढ़ावा देने की कोशिश के चलते उसे दी जाने वाली सुरक्षा सहायता रोकने के हिमायती हैं। रूबियो इस्त्रइल को मदद बढ़ा कर ईरान को सबक सिखाने के हिमायती हैं। इसका असर मध्यपूर्व में देखने को मिल सकता है।ट्रंप ने अरकंसास के पूर्व गवर्नर माइक हकबी को इस्त्रइल में अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित किया है। हकाबी इस्त्रइल के कट्टर समर्थक हैं, और कब्जे वाले पश्चिमी तट पर इस्त्रइली बस्तियों के रक्षक हैं, जिन्हें अधिकांशत- अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा अवैध माना जाता है। इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन के सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और बेहरीन जैसे अमेरिका के रणनीतिक सहयोगी ईरान पर इस्त्रइल के हमलों की आलोचना कर चुके हैं। यूएई ने इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन के सम्मेलन में कहा था कि ट्रंप प्रशासन के साथ एक व्यापक दृष्टिकोण रखने की जरूरत है, प्रतिक्रियावादी और टुकड़े-टुकड़े वाली नीति से काम नहीं चलेगा। इन स्थितियों में नये विदेश मंत्री और अमेरिकी राजदूत माइक हकबी के सामने मध्यपूर्व में अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए संतुलन बनाने की बड़ी चुनौती होगी।राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद के लिए ट्रंप ने माइक वाल्ट्ज पर भरोसा जताया है। वाल्ट्ज ने नेशनल गार्ड में कर्नल के रूप में भी काम किया है, उन्होंने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चीनी गतिविधियों की आलोचना की है, और इस क्षेत्र में संभावित संघर्ष के लिए अमेरिका को तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया है। अमेरिका की वैदेशिक नीति के प्रतिनिधित्व में चीन का विरोध दिखाई पड़ रहा है। मतलब साफ है चीन और अमेरिका के बीच प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी तो दोनों देशों के बीच तनाव भी बढ़ेगा। चीन हांगकांग पर प्रतिक्रिया को लेकर रूबियो से पहले ही चिढ़ा हुआ है, और उन पर कई प्रतिबंध लगा चुका है। ट्रंप ने लाखों अप्रवासियों को लक्षित करते हुए अब तक का सबसे व्यापक निर्वासन प्रयास शुरू करने की कसम खाई है। अप्रवासन को रोकने के लिए वे किसी भी हद तक जाने की बात कह चूके हैं। लिहाजा, उन्होंने यह जिम्मा क्रिस्टी नोएम को सौंपा है। ट्रंप ने नोएम को अगले गृह सुरक्षा सचिव के रूप में चुना है, वे होमलैंड सुरक्षा विभाग, सीमा सुरक्षा और आव्रजन से लेकर आपदा प्रतिक्रिया और अमेरिकी सीक्रेट सर्विस तक हर चीज के लिए जिम्मेदार हैं। होमन देश की सीमाओं के भी प्रभारी होंगे। होमन अवैध आप्रवासियों को वापस भेजने को लेकर दृढ़ हैं। अप्रवासन को लेकर अमेरिका की कड़ी नीतियों से उसके संबंध लैटिन अमेरिका, मध्य एशिया और भारत से खराब हो सकते हैं। इसका असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था और रणनीतिक भागीदारियों पर भी पड़ सकता है। सीआईए प्रमुख के रूप में पूर्व अमेरिकी जासूस जॉन रैटिक्लफ ट्रंप की पसंद हैं। वे ट्रंप के वफादार समर्थक रहे हैं, और उन्हें खुफिया और राष्ट्रीय सुरक्षा पर उनके काम के लिए जाना जाता है। रैटिक्लफ ने खुफिया मामलों पर ट्रंप के शीर्ष सलाहकार के रूप में काम किया है, और ट्रंप के एजेंडे को बढ़ाने में भूमिका निभाई है। रैटिक्लफ ने अमेरिकी चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप के प्रयासों को उजागर किया है तथा वे ईरान, चीन और रूस के मुखर आलोचक माने जाते हैं। अमेरिका और यूरोप के बीच बढ़तीं दूरियां, रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्यपूर्व में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमलों की आशंकाओं के बीच रैटिक्लफ अमेरिकी खुफिया परिदृश्य को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।ट्रंप ने सांसद तुलसी गबार्ड को नेशनल इंटेलिजेंस का डायरेक्टर नामित किया है। यह विभाग अमेरिका में सारी खुफिया एजेंसियों का काम देखता है। तुलसी पाकिस्तान की आलोचक रही हैं। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों की आलोचना की थी, ऐसे में तुलसी बांग्लादेश को लेकर सख्त हो सकती हैं, और इसका फायदा निर्वासित शेख हसीना को मिल सकता है।ट्रंप ने अमेरिका की प्रशासनिक व्यवस्था पर शिंकजा कसने की जिम्मेदारी एलन मस्क और विवेक रामास्वामी को सौंपी है। रामास्वामी एफबीआई की आलोचना करते रहे हैं। अमेरिका में संघीय एजेंसियों को बदलने की कोशिशें कांग्रेस में व्यापक आलोचना का कारण बन सकती हैं, और यह सीआईए के लिए भी स्वीकार्य नहीं होगा। ट्रंप की नीतियों और मंशा पर वहां की खुफिया एजेंसियां पहले ही सवाल उठा चुकी हैं। इससे देश में अभूतपूर्व टकराव बढ़ सकता है।अमेरिका में कैबिनेट की स्थिति दुनिया की अन्य शासन व्यवस्थाओं से बहुत अलग और खास है। दुनिया के इस सबसे शक्तिशाली देश में कैबिनेट के सदस्य संसद के किसी सदन के सदस्य नहीं होते और न ही सदन के प्रति उनका कोई उत्तरदायित्व होता है। वे मात्र राष्ट्रपति के प्रति उत्तरदायी होते हैं। जाहिर है, ट्रंप की कैबिनेट उनके लिए तो मुफीद है लेकिन आक्रामकता से भरपूर राजनीतिक समूह के चलते अमेरिका का भविष्य सवालों में घिर गया है।

**-डॉ. ब्रह्मदीप अलूने-**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# 85 लाख से पीडब्ल्यूडी करा रहा जर्जर एनएच पर पैच रिपेयरिंग का काम





## पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कार्यों का लिया जायजा,लोक निर्माण विभाग के तकनीकी अमले से कार्य की गुणवत्ता की ली जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शनिवार को पैच रिपेयरिंग के कार्यों का जायजा पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के तकनीकी अमले से कार्य की गुणवत्ता और प्रकृति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। लोनिवि के अधिकारियों ने बताया जन भावनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की सडक़ का संधारण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

शहर के गांधी चौक से सिलफिली के बीच गड्ढो को भरने में 85 लाख का खर्च अनुमानित है। टीएस ड्क्षसहदेव ने कहा कि एनएच के दोनों तरफ नाली निर्माण कर सडक़ का अपग्रेडेशन किए बिना पैच रिपेयरिंग से क्षणिक राहत ही सम्भव है। सडक़ पर पानी जमा होता है ऐसे में बरसात में सडक़ का टूटना स्वभाविक है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने बिलासपुर चौक से एनएच तक, सदर रोड, घुटरा पारा सहित सभी सडक़ों को प्रमुखता के साथ आवश्यकतानुसार नवनिर्माण और पैच रिपेयरिंग करने कहा। उल्लेखनीय है कि शहर के चारों दिशाओं की सडक़ें बेहद खराब है। आए दिन दुर्घटना हो रही है। धूल से लोग बीमार पड रहे है। रोड किनारे के व्यवसाइयों का व्यवसाय प्रभावित होता है। सडक़ों के सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन, चक्काजाम करने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और दो दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं पर विगत 45 दिन में दो बार आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा बंटी, हेमन्त तिवारी, वेदप्रकाश शर्मा बेदी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सोनी, दिलीप धर, संजीव मंदिलवार, मदन जायसवाल, प्रमोद चौधरी, संजय सिंह, अजय सिंह, आलोक सिंह, निक्की खान, सतीश बारी, इमरान खान, हिमांशु जायसवाल, आशीष जायसवाल, प्रिंस विश्वकर्मा, ज्ञान तिवारी ,शशि, विशाल देवनाथ, अभिषेक सोनी, अविनाश कुमार, ऋषभ गर्ग, प्रीति सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



# 109 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 109 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन झोले में रखकर बाइक से ग्राहक की तलाश कर रहे थे। जब्त नशीले इंजेक्शन की कीमत 33 हजार 600 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। मणिपुर थाना प्रभारी एसआई अखिलेश सिंह को शनिवार को मुखबिर से जानकारी मिली की सांड़बार मंदिर के आगे स्मृति वन के पास बाइक सवार दो युवक झोले में नशीले इंजेक्शन रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध दोनों युवकों को हिरासत में लेक तलाशी ली तो झोले में 109 न प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन पाय गया। जिसे पुलिस ने जब्त किया है जब्त नशीले इंजेक्शन की कीमत 33 हजार 6 सौ रुपए बताई जा रही है मामले में पुलिस ने आरोपी अरुण सोनवानी उम्र 21 वर्ष निवासी सांडबार घसिया पारा थाना मणीपुर व अंकित दुबे उम्र 24 वर्ष निवासी मुड़ेसा थाना गांधीनगर को गिरफ्ता किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिय है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, महेश्वर शरण सिंह आरक्षक सुरेश गुप्ता, अतुल शर्मा अरविन्द सिंह, हरिनन्दन सोरी घनश्याम कुमार राजवाड़े, सैनिक दिनेश यादव सक्रिय रहे।

# निगम के प्लेसमंट कर्मचारियों ने शासन के सद्बुद्धि के लिए किया हवन-पूजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ नगरी निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर नगर निगम अंबिकापुर के प्लेसमेंट कर्मचारी 3 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के 5वें दिन कर्मचारियों ने अनोखा प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने शासन को सद्बुद्धि के लिए धरनास्थल पर हवन-पूजन कर विरोध जताया।



नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी पिछले 3 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। नगर निगम में 453 प्लेसमेंट कर्मचारी है। जो अपनी मांगों को लकर सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इनके हड़ताल पर चले जाने से नगर निगम के कार्यों पर असर पडऩा शुरू हो गया है। केवल नियमित कर्मचारियों के भरोसे सफाई व अन्य कार्य चल रहे हैं।

### ये है उनकी मांगें

तीन सूत्रीय मांगों में समस्त निकाय से ठेका प्रथा समाप्त करें और कर्मचारियों को नगरी निकाय में समायोजन किया जाए। कर्मचारियों का वेतन केंद्र के समान जारी श्रमिक दर पर भुगतान करें व हड़ताल के दौरान किसी भी कर्मचारी को कार्य से पृथक ना किया जाए।

# पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने खनन के अधुनिक तकनीकों की ली जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

उदयपुर ब्लॉक में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) की परसा ईस्ट केते बासेन खदान में शनिवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर के 45 विद्यार्थियों और 11 प्राध्यापक सामूहिक शैक्षणिक दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने खनन के लिए आधुनिक तकनीकों की जानकारी हासिल की तथा प्रत्यक्ष रूपसे एक जिम्मेदार खननकर्ता द्वारा की जाने वाली जैव विविधिता को बरकरार रखने किए गए वृहद वृक्षा रोपण को समझा। यह कार्यक्रम दौरान उद्योगों की सामुदायिक भूमिका के तहत क्षेत्र में संचालित विभिन्न



सामाजिक उत्थान की गतिविधियों से भी रूबरू हुए। दरअसल बीते सप्ताह शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में खनन तकनीकों और प्रौद्योगिकी तथा समुदायों में खनन उद्योग की परिवर्तनकारी भूमिका पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज, सरगुजा क्लस्टर के तकनिकी विशेषज्ञोंने छात्रों को अतराधुनिक तकनीक, जैव विविधिता को बरकरार रखने किए किये जाने वाले प्रयास तथा सामाजिक उत्थान को समर्पित प्रवृतियों के बारेमें अवगत कराया। इस कार्यक्रम में 300 छात्रों तथा कॉलेज के प्राचार्य आरजे पांडेय और एचओडी देवांशु प्रसाद, संजीव सिंह, रोमेश ज्योति, अमित कुमार, प्रतीक जायसवाल, पंकज सिन्हा, मनीष सेठी, आकाश सुमन श्रीवास्तव और संजय यादव सहित कई संकाय के सदस्य भी शामिल हुए।

# युवती का अपहरण,फिर जन्मप्रमाण पत्र में छेड़छाडक़र कर ली शादी




- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शादी करने का झांसा देकर युवक एक नाबालिग लडक़ी को स्कूल से 25 अक्टूबर को भगाकर ले गया था। युवक नाबालिग लडक़ी के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में कुटरचना कर जन्मतिथि बढ़ाकर अनुबंधन से शादी कर लिया था। पीड़िता के पिता के रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किय है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थिया की लडक़ी घुटरापारा अम्बिकापुर मे अपने भैया भाभी के पास रहकर पढ़ाई करती हैं, प्रार्थिया की लडक़ी 25 अक्टूबर 24 को सुबह स्कूल गई थी, स्कूल से छुटटी होने के बाद से घर वापस नहीं आई हैं, आस पास पता तलाश करने पर भी कोई पता नहीं चला है। विवेचना पुलिस टीम द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका को 17 नवंबर 24 को बरामद कर पीड़िता का कथन महिला पुलिस अधिकारी से कराया गया है। जो नाबालिग बालिका अपने कथन में बताई कि 3 वर्ष पूर्व से ग्राम सिधमा के मिट्ठू राम से जानपहचान हुआ था, आरोपी मिटठु राम पीड़िता कों पसन्द करने की बात बोलकर शादी करने की बात बोलकर झांसे मे लेकर माह अप्रैल 24 में जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया था, घटना दिनांक 25अक्टूबर 24 कों स्कूल से छुटटी होने पर आरोपी मिट्ठू राम नाबालिग पीड़िता कों पत्नी बनाकर रखूंगा बोलकर मोटरसायकल में बैठाकर ले गया और अपने साथ रख कर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया था, प्रकरण मे पूर्व में मामले के आरोपी (01) मिट्ठू राम उम्र 32 वर्ष साकिन सिधमा राजपुर जिला बलरामपुर कों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था, आरोपी मिट्ठू राम पीड़िता से अनुबंध पत्र के जरिये विवाह कर लिया था, जिस सम्बन्ध मे जांच करने पर पता चला कि आरोपी पीड़िता के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड मे कूटरचना कर फर्जी प्रमाण पत्र मे नाबालिग के जन्मतिथि कों परिवर्तित कर अनुबंध पत्र के जरिये विवाह किया था मामले मे अग्रिम कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा पड़िता के आधार कार्ड मे जन्मतिथि परिवर्तित कर नाबालिग कों बालिग़ बताते हुए नया कूटरचित आधार कार्ड बनाकर देने वाले आरोपी गांधीनगर स्थित टुर्न च्वाइस सेंटर के संचालक (02) उपेंद्र कुमार बुनकर उम्र 38 वर्ष साकिन सुभाषनगर थाना गांधीनगर कों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया था।

# लैंगिक समानता को बिना किसी भेदभाव के समाज में स्थापित करना हर एक नागरिक का होना चाहिए कर्तव्य : कुलपति

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 6 और 7 दिसम्बर को लैंगिक समानता में नारीवाद की भूमिका मुद्दे और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में देशके विभिन्न हिस्सों से से आये विशेषज्ञों, विद्वानों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने लैंगिक समानता और नारीवाद से जुड़े समकालीन मुद्दों पर गहन चर्चा की।

मुख्य अतिथि प्रो. प्रेम प्रकाश सिंह, कुलपति संत गहिरा गुरु विवि सरगुजा, अम्बिकापुर ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में नारीवाद के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि लैंगिक समानता को बिना किसी भेदभाव के समाज में स्थापित करना हर एक नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रो. आशुतोष कुमार, संपादक, आलोचना त्रैमासिक और प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय ने नारीवाद के सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। डॉ. शुभ्रा नगालिया, एसोसिएट प्रोफेसर, लैंगिक अध्ययन केंद्र, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने बीज वक्तव्य में नारीवाद की आवश्यकता और लैंगिक समानता के लिए संघर्ष को अहम बताया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता रिजवान उल्ला ने की। सम्मेलन का संचालन विनीत गुप्त ने किया, जबकि स्वागत उदबोधन डॉ. दीपक सिंह ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन ब्रजेश कुमार ने किया।

प्रथम तकनीकी सत्र जाग तुझको दूर जाना इस सत्र में पूनम वासम (बीजापुर, छत्तीसगढ़) और पार्वती तिर्की (रांची, झारखंड) ने अपनी कविताओं के माध्यम से नारीवाद और लैंगिक समानता के मुद्दों पर प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता प्रो. आशुतोष कुमार ने की। डॉ. उमा गुप्ता ने सत्र का संयोजन किया तथा डॉ. शम्पू तिर्की ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सत्र में



खुली चर्चा आयोजित की गई जिसमें विभन्न महाविद्यालयों की प्रतिभागी छात्राओं ने खुल-कर सवाल-जवाब किये। दूसरे दिन की शुरुआत में फिल्म शो और परिचर्चा का आयोजन किया गया। फिल्म जया जया जया हो की स्क्रीनिंग के बाद, निरंजन कुजूर, फिल्मकार और शोधकर्ता ने फिल्म के समाजिक सन्देश और लैंगिक समानता पर प्रभाव की विस्तार से चर्चा की। सत्र की अध्यक्षता प्रो. प्रणय कृष्ण, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने की। इस सत्र में खुली चर्चा आयोजित की गई जिसमें विभन्न महाविद्यालयों की प्रतिभागी छात्राओं ने खुल-कर सवाल-जवाब किये। इस सत्र में विभिन्न शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। डॉ. रजनीश कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, शिक्षा शास्त्र, और डॉ. आर. पी. सिंह, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी ने अपने-अपने शोध पर विचार प्रस्तुत किए। सत्र की अध्यक्षता डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, विभागाध्यक्ष भूगोल और कोऑर्डिनेटर ढ्ढक्त्रष्ट ने की। सत्र का संचालन डॉ. तृप्ति विश्वास ने किया, और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पियूष पाण्डेय ने किया। नाट्य मंचन - ÷चलीं हैं कलेक्टर बनाने सम्मेलन के अंतिम सत्र में कोरस इलाहाबाद द्वारा नाट्य मंचन ÷चलीं हैं कलेक्टर बनाने÷ की प्रस्तुति की गई, जिसका निर्देशन समता राय ने किया। नाटक ने नारीवाद और लैंगिक समानता के मुद्दों को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती दीपिका स्वर्णकार ने दिया। सम्मेलन का समापन सत्र बहुत ही सफल और विचारशील रहा। मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. त्रिपाठी, पूर्व अपर संचालक सरगुजा संभाग और पूर्व प्राचार्य, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर ने अपने संबोधन में लैंगिक समानता के मुद्दे पर जोर दिया और इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो. जी. ए घनश्याम, संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा प्रो. एस. के. श्रीवास्तव, डॉ. अनिल सिन्हा और डॉ. राजकमल मिश्र ने भी सम्मेलन की महत्ता पर अपने विचार साझा किए समापन सत्र का संचालन सुसंना लकड़ा ने किया, और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दीपक सिंह ने दिया। यह सम्मेलन लैंगिक समानता और नारीवाद के महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में सफल रहा और समाज में लैंगिक समानता के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# ब्रिटिश राजघराने की ओछी हरकत

## बांग्लादेशी हिंदुओं की आवाज उठाने पर भारतवंशी सांसद से छिन लिया सम्मान

**नई दिल्ली,07 दिसम्बर 2024।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कई देश के नेता चिंता जाहिर कर चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र भी पड़ोसी मुल्क में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से चिंतित है। हालंकि,जब ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य रामी रेंजर ने बांग्लादेश के हालात पर चिंता जाहिर की तो उनको मिले सीबीई (कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर) सम्मान को रद कर दिया गया।

यह कदम कथित संसदीय आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर उठाया गया है। रेंजर ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे चुनौती देने का फैसला लिया है। उन्हें महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा ब्रिटिश व्यापार और एशियाई समुदाय के लिए उनकी सेवाओं के लिए यह सम्मान दिया गया था।

खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलनों के आलोचक रेंजर ने न्यायिक समीक्षा और यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय में अपील सहित कानूनी कार्रवाई के अपने निर्णय की घोषणा की है। रेंजर ने कहा, आज मैंने खालिस्तानियों के खिलाफ खड़े होने के लिए अपना सीबीई खो दिया है, जो भारत को तोड़ना चाहते हैं। उनकी टिप्पणी इस बात को रेखांकित करती है कि यह निर्णय ब्रिटिश लोकतंत्र और कानून के शासन को कमजोर करता है।



रेंजर ने कहा कि उनके सम्मान को रद करने का निर्णय परेशान करने वाला है। यह निर्णय सभी ईमानदार नागरिकों पर गंभीर प्रभाव डालेगा कि उन्हें अपनी बात नहीं कहनी चाहिए, क्योंकि अगर वे देश को नुकसान पहुंचाने की इच्छा रखने वालों के खिलाफ खड़े होते हैं तो सम्मान खो देंगे।

### ज्यूडिशियल रिव्यू करेंगे

रामी रेंजर ने बताया कि उन्हें पद छीने जाने की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में अभिव्यक्ति की आजादी कम करने की कोशिश की जा रही है। वहीं, देश में गलत लोगों को सम्मानित किया जा रहा है। वो कानून की मदद लेंगे और वो ज्यूडिशियल रिव्यू करेंगे और यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय में ले जाने का प्लान बना रहे हैं।

रामी रेंजर के खिलाफ शिकायत है कि जब बीबीसी की एक डॉक्यूमेंट्री इंडिया- द मोदी क्वेश्चन प्रकाशित हुई थी, तब वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचाव में उतरे थे और उन्होंने डॉक्यूमेंट्री की आलोचना की थी। वहीं, उन्होंने भारत में प्रतिबंधित अमेरिका स्थित समूह सिख्स फॉर जस्टिस से जुड़े और साउथहॉल गुरुद्वारे के एक ट्रस्टी के बारे में की गई टिप्पणियों की आलोचना की थी।

रामी रेंजर को साल 2016 में कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

### ब्रेटिन में बढ़ रहा है इस्लामाफोबियाः अनिल भनोट

रामी रेंजर के अलावा, अनिल भनोट की सम्मान भी छीन ली गई। अनिल भनोट को ओबीई (ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर) के पद से हटाया गया है। अनिल भनोट को सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए ओबीई के पद से सम्मानित किया गया था। अनिल भनोट ने कहा कि पद छीने जाने की सबसे बड़ी वजह इस्लामाफोबिया है।

## बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों में लगाई गई आग,कई मूर्तियों जलीं,ISKCON ने किया बड़ा दावा





**नई दिल्ली, 07 दिसम्बर 2024।** बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। हिंदुओं के घर जलाने के अलावा हिंदू मंदिरों में भी तोड़फोड़ की घटनाए कई बार सामने आई। अब एक बार फिर इस्कॉन मंदिर पर हमला हुआ है। इस्कॉन ने ही इसका दावा किया है।

### मंदिर में लगाई गई आग

इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस) कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने दावा किया किया बांग्लादेश के ढाका में एक इस्कॉन मंदिर में आग लगा दी गई। आग के चलते भगवान कृष्ण की मूर्ति भी जल गई। उन्होंने कहा कि नमहट्टा मंदिर में लक्ष्मी नारायण और मंदिर के अंदर की सभी वस्तुएं पूरी तरह जलकर खाक हो गईं।

उन्होंने कहा कि यह मंदिर धौर गांव में स्थित है, जो ढाका जिले के तुराग पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है। मंदिर के पीछे टिन की छत को उठाकर और पेट्रोल या ऑक्टेन का उपयोग करके आग लगाई गई।

### चिन्मय दास की गिरफ्तारी के बाद बिगड़ा माहौल

बता दें कि बांग्लादेश में हिंदु पुजारी चिन्मय दास की गिरफ्तारी के बाद से माहौल बिगड़ा है। पुजारी को राज्द्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के विरोध में कई हिंदू संगठन सड़कों पर भी उतरे, लेकिन बांग्लादेश की पुलिस ने उनके साथ ही मारपीट कर दी।

### कुछ नहीं कर रही बांग्लादेश सरकार

दास ने दावा किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले जारी हैं और इस्कॉन द्वारा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद, पुलिस और प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है।

### तिलक न लगाने की अपील की थी

इससे पहले उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश में जान बचाने के लिए सभी हिंदू भिक्षुओं और अनुयायियों को तिलक नहीं लगाना चाहिए। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष ने जमानत से इनकार किए जाने और हिंसक हमलों के बाद गिरफ्तार हिंदू समुदाय के नेता चिन्मय कृष्ण दास की सुरक्षा पर भी चिंता व्यक्त की।

# थॉम्पसन की हत्या से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों में खौफ

» वेबसाइट से हटाई जानकारी,लेकिन अमेरिकियों को मिला मौका...

**नई दिल्ली, 07 दिसम्बर 2024।** अमेरिका में यूनाइटेड हेल्थ केयर के सीईओ ब्रैन थॉम्पसन की गोली मारकर हत्या के बाद इंश्योरेंस कंपनियों में डर फैल गया है। ज्यादातर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने अब अपने वेबसाइट से लीडरशिप की तस्वीरें डिलीट कर दी हैं।

यूनाइटेड हेल्थ केयर के सीईओ ब्रैन थॉम्पसन की उम्र 50 साल थी। बुधवार की सुबह वह न्यूयॉर्क के हिल्टन होटल के बाहर निकले थे। तभी हमलावर ने उन्हें पीछे से गोली मार दी। पुलिस के मुताबिक इस हत्या की तैयारी पहले ही कर ली गई थी।

थॉम्पसन की हत्या पर उनके साथियों ने दुख व्यक्त किया। हालांकि सोशल मीडिया पर इस जुर्म के समर्थन में भी जश्न देखा गया। सोशल मीडिया साइट एक्स और रेडिट पर पोस्टर शेयर कर हेल्थ इंश्यूअर्स के खिलाफ गुस्से का




समर्थन किया गया। इस हत्या के बाद हेल्थकेयर कंपनियां अपने अधिकारियों की सुरक्षा के लिए चिंतित हैं। ब्रैन की हत्या के बाद यूनाइटेड हेल्थकेयर ने अपनी वेबसाइट से अन्य एक्जीक्यूटिव लीडरशिप की लिस्ट हटा दी है। हेल्थकेयरडाइव की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रैन थॉम्पसन की हत्या के तुरंत बाद ही यूनाइटेड हेल्थकेयर की पैरेंट कंपनी यूनाइटेड हेल्थ ने अपने लीडरशिप से जुड़ा पेज हटा दिया। कई अन्य कंपनियों ने भी यही किया।

ब्लू क्रॉस ब्लू शिल्ड एसोसिएशन ने अपनी वेबसाइट के About Us सेक्शन से एक्जीक्यूटिव्स की जानकारी हटा दी। सोशल मीडिया पर एंथम की भी आलोचना की गई। लोगों ने आगामी कवरेज पॉलिसी में एनेस्थेसिया कवरेज को कम करने पर गुस्सा जाहिर किया। एंथेम की पैरेंट कंपनी इलीवेंस ने पॉलिसी को ही रोलआउट नहीं किया। कंपनी ने कहा कि उनकी पॉलिसी को लेकर कई भ्रामक जानकारियां फैलाई जा रही हैं। कुछ कंपनियों ने एग्जीक्यूटिव की जानकारियां छोड़ दी हैं, लेकिन उनकी तस्वीरों को हटा दिया है।

### लोग शेयर कर रहे कहानियां

ब्रैन थॉम्पसन की हत्या के बाद लोगों में हेल्थ इंश्योरेंस इंडस्ट्री के खिलाफ काफी गुस्सा है। सोशल मीडिया पर अमेरिकी अपने व्यक्तिगत किस्से भी शेयर कर रहे हैं कि कैसे हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने उन्हें दयनीय स्थिति में ला दिया है।

पुलिस को मौका-ए-वारदात से जो गोलियों के खोखे मिले हैं, उस पर 'Delay', 'Deny' और 'Depose' लिखा हुआ था। थॉम्पसन की मौत के बाद अमेरिका में लोगों को अपनी नाराजगी और झुंझलाहट को जारी करने का एक अवसर लिया है। वहीं पुलिस अभी भी हमलावर की तलाश में जुटी हुई है।

# ब्रिक्स की डी-डॉलरीकरण की योजना नहीं,ट्रंप की चेतावनी के बाद दोहा में जयशंकर ने साफ की स्थिति

**दोहा, 07 दिसम्बर 2024।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिक्स देशों द्वारा व्यापार के लिए नई मुद्रा लाने को लेकर चल रही अटकलों पर स्थिति साफ की है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। अमेरिकी डॉलर से प्रतिस्पर्धा करने के लिए नई मुद्रा शुरू करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उनका ये बयान अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ब्रिक्स देशों के डी-डॉलरीकरण की नीति अपनाने या डॉलर से दूर जाने की स्थिति में 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी के बाद आया है।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में भी बात की। उन्होंने ब्रिक्स देशों को ट्रंप की 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाली हाल की धमकी का जिक्र करते हुए कहा कि हम डी-डॉलरीकरण के पक्ष में कभी नहीं रहे। फिलहाल, ब्रिक्स मुद्रा रखने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि ब्रिक्स मुद्रा के मुद्दे पर ब्रिक्स देशों की एक समान स्थिति नहीं है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, हमें डॉलर को कमजोर करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।



रूस-यूक्रेन और हमास इस्राइल के बीच चल रही जंग के बीच भारत ने इन युद्धों को सुलझाने के लिए नवोन्वेषी, सहभागी कूटनीति पर जोर दिया है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोहा फोरम में अपने संबोधन में कहा कि सामान्य तौर पर सुई युद्ध जारी रखने की बजाय बातचीत की वास्तविकता की ओर अधिक बढ़ रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष में भारत की भूमिका के बारे में पूछने पर जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी मॉस्को जाकर, राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन से बात करके, साथ ही कीव जाकर राष्ट्रपति जेलेंस्की से बातचीत करके एक-दूसरे तक संदेश पहुंचाकर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि एक सामान्य वार्ता का अवसर बने। उन्होंने कहा कि पिछले समय में मैंने प्रमुख यूरोपीय नेताओं द्वारा भी इस भावना को व्यक्त करते देखा है।

कतर के प्रधान मंत्री और विदेश राज्य मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान के निमंत्रण पर दोहा फोरम में भाग लेने के लिए दोहा पहुंचे हैं। कतर के प्रधान मंत्री और विदेश राज्य मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान और नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईदे के साथ एक पैनल को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत वैश्विक दक्षिण के 125 अन्य देशों की भावनाओं और हितों को व्यक्त कर रहा है। इन देशों की ईंधन लागत, उनकी भोजन लागत, उनकी मुद्रास्फीति, उनकी उर्वरक लागत इस युद्ध से प्रभावित हुई है।

इस दौरान उन्होंने तेल, उर्वरक और शिपिंग आदि की लागत में बढ़ोतरी के संदर्भ में भारत सहित सभी देशों पर खाड़ी और भूमध्यसागरीय क्षेत्र में संघर्ष स्थितियों के प्रभाव पर के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि लाल सागर की स्थिति एशिया के लिए नौवहन को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि दुनिया के राजनयिकों को खुद से कहना होगा,यह एक भयानक दुनिया है। दुनिया भर में चल रहे संघर्षों को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ज्यादा जोरदार, नवीन और अधिक सहभागी कूटनीति ही इन्हें हल करने में मददगार हो सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि 60 और 70 के दशक का युग जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद या कुछ पश्चिमी शक्तियां ऐसे संघर्षों को प्रबंधित करती थीं, अब यह हमारे पीछे हैं। आगे उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अधिक देशों को पश्चिम को नजरअंदाज करने का साहस दिखाने की जरूरत है। इन संघर्षों को खत्म करने के लिए सभी देशों को आगे आने की जरुरत है।

इस दौरान एक सवाल कि क्या रूस, चीन, उत्तर कोरिया और ईरान में अमेरिका विरोधी, पश्चिमवाद विरोधी धुरी बनाने में भारत की कोई भूमिका है? इसका जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि हर देश के अपने हित होते हैं। वे कुछ पर सहमत हैं, कुछ पर असहमत हैं। कभी-कभी एक ही देश अलग-अलग मुद्दों को अलग-अलग ढंग से संयोजित करता है।

## झुलसे वृद्ध की मौत,चार दिन पूर्व दामाद ने लगा दी थी आग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

ग्राम दोरना में बुधवार की सुबह दामाद ने अपने वृद्ध ससुर के कपड़े में आग लगा दी थी। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं लुण्ड्रा पुलिस ने ममाले में आरोपी दामाद को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार दशरू उर्फ केरे करवा लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम दोरना लोहारपारा का रहने वाला था। इसका दामाद धनसाय कोरावा कई महीनों से पत्नी के साथ ससुराल में रह रहा था। दशरू को पीएम आवास निर्माण कराने के लिए शासन से रुपए मिला था। दामान उक्त रुपए को शराब पीने के लिए मांग रहा था। नहीं देने पर बुधवार की सुबह ससूर को आग लगाकर जला दिया था। गंभीर स्थिति में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह दशरू की मौत हो गई। वहीं आग लगाकर जलाने के मामले में लुण्ड्रा पुलिस ने आरोपी को जेल भेज चुका है।

# शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर की तीन छात्राएं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चयनित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर से तीन छात्राओं कुमारी अनामिका कक्षा 12वीं, कुमारी चन्द्रमुनी बेक कक्षा 8वीं और कुमारी वर्षा सिंह कक्षा 8वीं का चयन 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हुआ है। कुमारी अनामिका लुधियाना पंजाब में 11 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2024 तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हैण्डबॉल के बालिका वर्ग 19 में चयनित हुई है।

इसी तरह कुमारी चन्द्रमुनी बेक का चयन वाराणसी उत्तर प्रदेश में 10 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2024 तक आयोजित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बालीवॉल के बालिका वर्ग 14 में चयनित हुई है। कुमारी वर्षा सिंह का चयन मंदसौर मध्यप्रदेश में 09 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हॉकी के बालिका वर्ग 14 में चयनित हुई है। राज्य के विभिन्न कैंपों में ट्रेनिंग उपरांत छात्राएं क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होंगी।



## बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत, भतीजा घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

बतौली के ग्राम बैगापारा के पास बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे चाचा-भतीजा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पतल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान चाचा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार काशी राम उम्र 60 वर्ष बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम गहिला का रहने वाला था। वह 5 दिसंबर को अपने भतीजा रामदेवन के साथ बाजार कर बस से बेलकोट पहुंचा। यहां से दोनों पैदल घर जा राहे थे। रास्ते में बैगापारा के पास बाइक ने दोनों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां गंभीर स्थिति को देखते हुए काशी राम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# न्योता भोज - मुख्यमंत्री ने की बच्चों के स्वाद की बात

» ग्रामीण संस्कृति की परंपरा को जोड़ा बच्चों के पोषण और स्वाद से,सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने का अनूठा रास्ता है न्योता भोज

» जिले के स्कूलों में अब तक 1492 न्योता भोज आयोजित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।







न्योता भोज हमारे प्रदेश में कोई नया कांसेप्ट नहीं है, बल्कि ये हमारी ग्रामीण संस्कृति का हिस्सा है। गांव-घर में अपनी खुशियों को आस-पड़ोस के लोगों के साथ बांटने के लिए न्योता भोज किए जाते रहे हैं और अब भी होते हैं, जहां खुशियों का आनंद स्वाद के साथ लिया जाता है। इसी ग्रामीण संस्कृति की परंपरा को प्रदेश के सरल, सौम्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्कूलों में बच्चों के पोषण और स्वाद से जोड़ा है। न्योता भोज सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने का जरिया है और इसी कांसेप्ट को मुख्यमंत्री की अभिनव पहल पर स्कूलों में आयोजित किया जा रहा है।

### न्योता भोज की शुरुआत

प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को सामुदायिक सहयोग से और अधिक पोषक बनाने की पहल की गई है। इसी कड़ी में जब फरवरी माह में अपने 60 वें जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय जशपुर के बगिया बालक आश्रम शाला के बच्चों के बीच पहुंचे, उन्होंने न्योता भोज में बैठकर बच्चों के साथ भोजन का आनंद लिया।

### सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने जिले के स्कूलों में अब तक 1492 न्योता भोज आयोजित

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपील की थी कि अपने जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे खास मौके पर अपने पास के स्कूल, आश्रम, छात्रावास में जाकर बच्चों के साथ न्योता भोज में शामिल हों। इससे समुदाय में अपनेपन की भावना का विकास होगा और साथ ही भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री श्री साय की इसी अपील पर अमल करते हुए सरगुजा जिले के स्कूलों में समय-समय न्योता भोज आयोजित किए गए हैं जिनमें जिले के जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी स्कूली बच्चों के साथ हिस्सा लिया है। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 1492 न्योता भोज आयोजित किए गए हैं, जिसमें 55 हजार से ज्यादा बच्चों ने पोषक एवं स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। न्योता भोज में नियमित आहार में बच्चों के स्वादानुसार मिष्ठान, पकवानों को जोड़ा जाता है। इस पहल को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है और जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित आमजन भी इसमें सहभागी बन रहे हैं।

# एसएसपी सूरजपुर ने रात्रि गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

## पुलिसकर्मियों को अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने का दिया निर्देश

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में मजबूती से कार्य कर रहे है। जिला मुख्यालय से निगरानी के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में दिन और रात्रि के वक्त लगातार भ्रमण, रात्रि गश्त और औचक निरीक्षण में लगे हुए है। बुधवार रात को पुलिस कितनी मुस्तैदी से गश्त करती है, इसका खुद एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जायजा लिया। देर रात थाना कोतवाली और चौकी बसदेई के क्षेत्रों में रात्रि गश्त पॉइंट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने, गुंडा बदमाशों पर नजर रखने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त





कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान रात्रि गश्त पाईंटों पर तैनात अधिकारी कर्मचारियों को सतर्क रहकर गश्त करने, थाना-चौकी क्षेत्र के गुंडा बदमाशों पर कड़ी नजर रखने, रात में अनावश्यक रूप से घूमने वाले लोगों की चेकिंग करने, असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान पुलिस के जवानों को आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रतिबद्धता के साथ उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रात्रि के वक्त चौकी बसदेई के रिकार्ड का अवलोकन किया और निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि रात्रि गश्त, जनता की शिकायतों, अपराध विवेचना में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# कोरबा पुलिस द्वारा 185 एम वी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही मे पिछले वर्ष की तुलना वर्ष 2024 मे 508 प्रतिशत की हुई वृद्धि

-संवाददाता-
कोरबा,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बढ़ते यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी को विशेष अभियान चलाकर ज़िले के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत नवंबर माह तक ज़िले में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए कुल 1613 लोगों के विरुद्ध 185 एम वी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में पूरे साल का आँकड़ा



529 था और वर्ष 2023 में 265। अतः इस वर्ष नवंबर माह में ही पिछ्ले वर्षों की तुलना में क्रमशः 204त्न और 508त्न वृद्धि की गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वालो को न्यायलय प्रस्तुत कर प्रत्येक प्रकरण में 10000 सम्मन शुल्क जमा कराया गया है। जिससे अभी तक 1,48,00,100/- रुपए शुल्क जमा कराया गया है। शेष में कार्यवाही लंबित है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से पूरे कोरबा जिले के सभी थाना क्षेत्र में कार्यवाही किया गया, लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, पिकअप ट्रक एवं ट्रेलर को चेक किया गया और उन्हें शराब पीकर वाहन न चलाएं और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया।

# समन्वय और पारदर्शिता से करें कार्यः सांसद महंत

## हर किसानों को सिंचाई सुविधा और अन्य योजनाओं का लाभ दिलाएंः विधायक राजवाड़े

-संवाददाता-
एमसीबी,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। लगभग 27 एजेंडों पर विचार करते हुए सांसद और विधायक ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सांसद महंत ने बैठक में कहा कि इस बैठक का माहौल सकारात्मक है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि सभी इलेक्शन के समय एकजुट होकर काम करें। उन्होंने कहा कि यदि हम एक टीम की तरह कार्य करेंगे, तो न केवल हमारी तैयारियां बेहतर होंगी, बल्कि कार्यों की गुणवत्ता भी उत्कृष्ट होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने पर जोर दिया और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और



पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के काम में तेजी लाने को कहा। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत मजदूरों के भुगतान में देरी न होने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, और पानी जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी विभागों से मिलकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने जीर्ण-शीर्ण आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे केंद्रों का संचालन रोककर नई सुविधाएं विकसित की जाएं।

विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े ने पेयजल आपूर्ति और सिंचाई सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में समूह जल प्रदाय योजना के तहत स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और किसानों के लिए नहरों की सफाई और सुधार कार्य को अभियान के रूप में चलाने का सुझाव दिया। उन्होंने विद्यालयों में विशेष रूप से छात्राओं के लिए पेयजल और शौचालय की सुविधाएं बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिसर में पेयजल समस्या के समाधान हेतु जलाशय से पानी आपूर्ति की योजना बनाने को कहा।

बैठक में सिकल सेल जागरूकता और जांच कार्यों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बताया कि शिविर स्थलों और स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच की जा रही है और त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्ड बनाए जा रहे हैं। सांसद और विधायक ने स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में जिला पंचायत के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अन्य विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन सम्पन्न

## युवाओं को कला और संस्कृति के क्षेत्र में मिल रहा अवसरःरेणुका सिंह



-संवाददाता-
एमसीबी,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 का आयोजन मनेंद्रगढ़ में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन और खेल अधिकारी गोपाल सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह उपस्थित रहीं। उनके साथ जनपद पंचायत कोरिया की अध्यक्ष रेणुका सिंह, जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव और अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी भी शामिल हुए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक रेणुका सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह युवा महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत और युवाओं की ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि को रेखांकित करते हुए युवाओं को इस मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश का आधार है और उनकी ऊर्जा और नई सोच से ही भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना साकार होगा। वही जनपद पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह ने इस आयोजन को युवाओं की छिपी हुई प्रतिभा को सम्मान देने का उत्कृष्ट मंच बताया। उन्होंने लोक नृत्य जैसे सुआ, ददरिया और कर्मा को संरक्षित करने और इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व जिला अध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव ने युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान सामूहिक लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकनृत्य, सामूहिक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सामूहिक लोकगीत की प्रस्तुति ग्राम मनेन्द्रगढ़ के हरीदास एवं उनके साथियों ने दी। सामूहिक लोकनृत्य में ग्राम खड़गवां की रोशनी एवं उनकी टीम प्रथम स्थान पर रहीं। व्यक्तिगत लोकगीत में खड़गवां के विवेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहानी लेखन प्रतियोगिता में मनेन्द्रगढ़ की अनामिका मिश्रा प्रथम, मानसी अग्रवाल द्वितीय और अदिति अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। चित्रकला में कृष्णा प्रथम और इशिका सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। वक्तृत्व कला में जनकपुर की रीना सिंह ने प्रथम और मनेन्द्रगढ़ की जया शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में खड़गवां के मनोज कुमार प्रथम और मनेन्द्रगढ़ के सतीश पाण्डेय द्वितीय स्थान पर रहे। विज्ञान मेले में मनेन्द्रगढ़ के जय लहरे एवं उनके साथियों ने अपनी प्रस्तुति दी। हस्तशिल्प में शुभम एवं उनकी टीम ने मनेन्द्रगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। कृषि उत्पादन में मनेन्द्रगढ़ के विष्णु प्रसाद द्विवेदी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टेक्सटाइल क्षेत्र में भरतपुर की अस्मिता और वंदना सिंह ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, योग आयोग प्रभारी बिनती अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज यादव, अनिल केशरवानी, रामचरित द्विवेदी, पी मनी ,परमेश्वर सिंह, और कई अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विनोद अग्रवाल एसईसीएल कोरबा,कुसमुंडा,गेवरा,दीपका क्षेत्र के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



-संवाददाता-
कोरबा,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष, छुरीकला निवासी विनोद अग्रवाल पिता लक्ष्मीचंद अग्रवाल को कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले एसईसीएल कोरबा क्षेत्र, कुसमुंडा क्षेत्र, गेवरा क्षेत्र, दीपका क्षेत्र के लिए अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्रीमती महंत ने सभी एसईसीएल क्षेत्रों के मुख्य महाप्रबंधकों को लिखे पत्र में कहा है कि एसईसीएल क्षेत्रों में होने वाली मासिक/तिमाही बैठकों में मेरी अनुपस्थिति में विनोद अग्रवाल मेरा प्रतिनिधित्व करेंगे। कोरबा प्रवास पर पहुंची प्रदेश कांग्रेस संगठन सह प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सुश्री जरिता लैतफलांग एवं सांसद श्रीमती महंत ने श्री अग्रवाल को नियुक्ति पत्र सौंपा। सांसद प्रतिनिधि बनने के बाद विनोद अग्रवाल ने कहा कि मैं पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ मिली जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा। श्री अग्रवाल को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर क्षेत्र के कांग्रेसियों, ईष्टमित्रों एवं परिजनों में हर्ष व्याप्त है। श्री अग्रवाल ने नई जिम्मेदारी मिलने पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत का आभार जताया है।

**भागीदारी फर्म में परिवर्तन होने की सूचना**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मे0 मां बागेश्वरी कंस्ट्रक्शन में भागीदारी में बदलाव किया गया है। दिनांक- 05/12/2024 के फर्म की भागीदारी निम्नानुसार होगी।

1. श्री सुमित गुप्ता - 80 प्रतिशत
1. श्री देव गुप्ता - 20 प्रतिशत

**मे0 मां बागेश्वरी कंस्ट्रक्शन**
मेन रोड,सूरजपुर,
जिला-सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

# परसिया के किराना दुकान से 154 क्विंटल अवैध धान किया गया जप्त

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 दिसम्बर 2024
(घटती-घटना)।

धान खरीदी के बीच अवैध धान का भंडारण व संग्रहण करने वालों पर जिला प्रशासन लगातार अपनी पैनी नजर रखे हुए है। प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ धान के कोचियों के ऊपर कार्रवाई कर रही है। परसिया, तहसील भैयाथान में मंडी, राजस्व व खाद्य विभाग की सयुंक्त टीम द्वारा फुटकर व्यापारी पारसलाल के किराना दुकान का निरीक्षण किया गया। जहां मौके पर मोटे धान की 385 बोरी लगभग 154 क्विंटल का अवैध भण्डारण पाया गया।सयुंक्त टीम के जानकारी लेने पर व्यापारी द्वारा क्रय विक्रय के सम्बन्ध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जप्ती की कार्यवाही की गई। जिस पर मंडी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



**न्यायालयय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर,छ0ग0**

क्र. 696 राजस्व प्रकरण क्र./ब 121 /2024/ 02.12.2024

**ईश्तहार**

आवेदिका का नाम रमेश कुमार आ0 रतन जाति-चमार निवासी ग्राम सूरजपुर प0ह0नं0 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने चाचा गंगाराम आ0 रामप्यारे मृत्यु/जन्म दिनांक 02/11/1966 का मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 17/12/2024 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/12/2024 को जारी किया जाता है

(सील) तहसीलदार सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /सक्षम प्राधिकारी,सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क./अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्रामीण जन ग्राम-गिरवरगंज को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमित्रा देवी पति श्री अलख देव, जाति कोईरी,निवासी ग्राम कुम्दा कॉलोनी,, तहसील -पिलखा, जिला सूरजपुर, छ0ग0 द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम गिरवरगंज,प0ह0नं0 15, रा0नि0मं0 सूरजपुर तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1345/12 रकबा 0.030 हे0 कृषि भूमि को व्यवसायिक (दुकान) प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन - पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20/12/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 06/12/2024 न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन,सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202412020700019**

विषयः-अ-6अ मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

नमनाकला प.ह.नं.00020
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-सुरेन्दनाथ,पाण्डेय,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन

**ईश्तहार**

आवेदक सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय पिता जर्नादन पाण्डेय निवासी नमनाकला अम्पिापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 243/112 रकबा 0.037 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से जयप्रकाश पाण्डेय का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/12/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/2024 को जारी किया जाता हैं।

(सील) तहसीलदार अंबिकापुर

# टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार किसी टीम ने बनाया ऐसा महारिकॉर्ड

## » सुनहरे पन्नों में दर्ज करवाया नाम

**बर्मिंघम,07 दिसम्बर 2024।** टेस्ट फॉर्मेट क्रिकेट का सबसे पुराना फॉर्मेट है। यहां प्लेयर्स के धैर्य की असली परीक्षा होती है। टेस्ट फॉर्मेट में प्लेयर्स को पांच दिन तक खुद को ऊर्जा से भरपूर और मानसिक रूप से मजबूत रखना होता है। बल्लेबाज यहां क्रीज पर टिककर पारी को आगे बढ़ाते हैं। जब से टी20 क्रिकेट का चलन बढ़ा है। बल्लेबाज टेस्ट में भी तेजी के साथ रन बनाने लगे हैं। इसी वजह से यहां भी रोज नए रिकॉर्ड बन और टूट रहे हैं। इस समय एक तरफ भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच हो रहा है। वहीं इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच भी टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और वह इस समय ड्राइविंग सीट पर मौजूद है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के



बीच दूसरा टेस्ट मुकाबला बेसिन रिजर्व में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने 533 रनों की बढ़त ले ली है। टीम के लिए बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक और ओली पोप ने दमदार बल्लेबाजी की है। बल्लेबाजों के दमदार खेल की वजह से इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने टेस्ट में अपने पांच लाख रन पूरे कर लिए हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में ऐसा करने वाली पहली टीम बनी है। इंग्लैंड से पहले कोई भी टीम टेस्ट ऐसा कोई टीम नहीं कर पाई थी। इंग्लैंड ने अभी तक कुल 5,00,126 टेस्ट रन बनाए हैं।

### तीसरे नंबर पर है भारतीय टीम

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरे नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक 429007 रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर भारतीय टीम है। भारत ने अभी तक कुल 2,78,751 रन बनाए हैं।

### 533 रनों की हुई इंग्लैंड की बढ़त

इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 280 रन ही बना पाई थी। इसके बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 125 रनों पर ऑलआउट कर दिया और पहली पारी के आधार पर 155 रनों की भारी भरकम बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया और उनके आगे न्यूजीलैंड के गेंदबाज टिक नहीं पाए। अभी तक अंग्रेजों की टीम ने 378 रन बना लिए हैं और उसके पांच विकेट शेष हैं। उसकी कुल बढ़त 533 रनों की हो चुकी है।

## वेस्टइंडीज में अगले साल तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा ऑस्ट्रेलिया : निक



**एडिलेड,07 दिसम्बर 2024।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ निक हॉकली ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम अगले साल जून-जुलाई में वेस्टइंडीज के दौरे पर तीन टेस्ट मैच खेलेगी, जबकि पहले यह तय था कि केवल दो मैच होंगे। नई विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज में सिर्फ दो टेस्ट खेलने थे। लेकिन हॉकली ने बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज कराने का फैसला किया है। हॉकली ने कहा, मुझे खुशी है कि अब तीन टेस्ट मैच खेले जाएंगे। हालांकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड से तारीखों और स्थानों को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा का इंतजार है, लेकिन यह निश्चित रूप से तीन मैचों की बड़ी सीरीज होगी, जैसी होनी चाहिए।

# ओमान में महिला जूनियर एशिया कप में भारत की नजर खिताब बचाने पर



**मस्कट,07 दिसम्बर 2024।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ओमान के मस्कट में महिला जूनियर एशिया कप में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि उनका लक्ष्य पिछले साल का अपना खिताब बचाना है। 7 से 15 दिसंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट भी है, जो चिली में आयोजित किया जाएगा।

भारत का नेतृत्व कोच तुषार खांडेकर, कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगे। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं और टूर्नामेंट के दौरान बाकी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगी। 2023 में, भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता। भारत को पूल ए में रखा गया है और उसका मुकाबला चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से होगा। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी से एक बार खेलेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें न केवल सेमीफाइनल में जगह पक्की करेंगी, बल्कि अगले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में भी जगह बनाएंगी। प्रत्येक पूल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम जूनियर विश्व कप में अंतिम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।कप्तान ज्योति सिंह ने कहा, हम मैदान पर उतरने और टूर्नामेंट की मजबूत शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। खिताब का बचाव करना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन मुझे यकीन है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और अपने देश को गौरवान्वित करेगी। यह टूर्नामेंट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जूनियर विश्व कप के लिए योग्यता दांव पर है, इसलिए हम फिर से खिताब जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।


उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा, टीम ने टूर्नामेंट से पहले कड़ी मेहनत की है और अब प्रदर्शन करने का समय है। हमारे पास बहुत प्रतिभा और जुनून वाली एक अनुभवी टीम है। हमें विश्वास है कि हम अपने खिताब का बचाव कर सकते हैं।

भारतीय टीम अपना पहला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ 20:30 (भारतीय समयानुसार) बजे खेलेगी। अगर भारत पूल ए में शीर्ष दो टीमों में से एक के रूप में समाप्त होता है, तो वे सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे जो 14 दिसंबर को खेला जाएगा। दोनों सेमीफाइनल के विजेता 15 दिसंबर को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले के लिए क्वालीफाई करेंगे।

# जसप्रीत बुमराह ने एडिलेड में मचाया तूफान

## तोड़ा शमी और जहीर खान का ये खास रिकॉर्ड

**एडिलेड,07 दिसम्बर 2024।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पर्थ के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में भी गर्दा उड़ाया है। पर्थ टेस्ट में 8 विकेट झटकने के बाद बुमराह ने एडिलेड में खेले जा रहे दूसरे मैच की पहली पारी में चार विकेट चटकाए। उन्होंने डे-नाइट टेस्ट में ओपनर उस्मान ख्वाजा (13), मैकस्वीनी (39), स्टीव स्मिथ (2) और पैट कमिंस को अपना शिकार बनाया। इस दौरान उन्होंने शमी और जहीर खान का खास रिकॉर्ड भी तोड़ा है। एसईएनए देशों में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में जसप्रीत



बुमराह एशियाई गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह सेना यानी साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया में 53 पारियों में 125 शिकार कर चुके हैं। भारत के धाकड़ पेसर शमी ने 123 विकेट लिए हैं। जिन्होंने 63 पारियों में ऐसा किया है। बुमराह से आगे ईशांत शर्मा 130 विकेट के साथ हैं। भारत के पूर्व दिग्गज अनिल कुंबले 141 विकेट के साथ दूसरे और पाकिस्तान के पूर्व पेसर वसीम अकरम 146 विकेट के साथ टॉप पर काबिज हैं। वहीं बुमराह ने एक साल में भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में जहीर खान को पछाड़ा है। बुमराह साल 2024 में अभी तक 53 विकेट ले चुके हैं। जहीर ने 2022 में 51 शिकार किए थे। इस फेहरिस्त में टॉप पर पूर्व कप्तान कपिल देव हैं। जिन्होंने 1983 में 75 और 1979 में 74 टेस्ट विकेट अपने नाम किए हैं।

# मोहम्मद शमी अभी नहीं जाएंगे ऑस्ट्रेलिया



## एनसीए ने नहीं किया फिट घोषित

**एडिलेड,07 दिसम्बर 2024।** एडिलेड में भारतीय गेंदबाजों के लिए कंगारू बल्लेबाजों से निपटना मुश्किल हो रहा है। भारतीय फैंस इस मौके पर मोहम्मद शमी को याद कर रहे हैं लेकिन मुश्किल ये है कि शमी अभी ऑस्ट्रेलिया नहीं जा पाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शमी ऑस्ट्रेलिया नहीं जाएंगे और इस समय बंगाल की टीम का ही हिस्सा होंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, शमी को अब तक नेशनल क्रिकेट अकेडमी की तरफ से फिट घोषित नहीं किया गया है। स्पोर्ट्स साइंस विंग ने अब तक बीसीसीआई को शमी की ऑल क्लियर रिपोर्ट नहीं मिली है।

# अजित कुमार की फिल्म विदामुयार्ची का दमदार टीजर रिलीज




## फैंस को मिलेगा एक्शन और रोमांच का डबल डोज

अजित कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म विदामुयार्ची अब पोस्ट प्रोडक्शन के अंतिम चरण में है। इस बीच फिल्म के निर्माता ने अब यह आधिकारिक रूप से घोषणा कर दी है कि यह फिल्म जनवरी 2025 में पोंगल के त्योहार के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी होगी। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने बिना किसी पूर्व घोषणा के इसका टीजर जारी कर दिया। जारी किए गए टीजर लगभग दो मिनट लंबा है। इसमें फिल्म के सभी स्टार कास्ट, त्रिशा कृष्णन, अर्जुन सरजा, रेगिना कैसांद्रा, आरव समेत कई कलाकारों की झलकियां दिखाती हैं।इस टीजर को साझा करते हुए प्रोडक्शन हाउस ने लिखा, अडिग प्रयास और न रुकने वाला एक्शन! विदामुयार्ची का टीजर अब आ चुका है। दृढ़ संकल्प ही विजय की राह दिखाता है।इस एक्शन से भरपूर टीजर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में लोगों को थ्रिल और एक्शन का फुल डोज मिलने वाला है। इसमें अर्जुन सरजा, रेगिना कैसांद्रा और आरव नकारात्मक भूमिकाएं निभाते हुए दिखाई देने वाले हैं। फिल्म के टीजर को देखकर ऐसा लगता है कि अजित कुमार एक मिशन पर हैं, जिसमें वह अजरबैजान के इलाकों में यात्रा करते हुए सच्चाई का खुलासा करने का प्रयास में हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस टीजर में फिल्म के कोई संवाद नहीं हैं, केवल टीजर के अंत में यह लिखा हुआ दिखता है, जब हर कोई, जब सब कुछ, तुम्हें छोड़ दे, तो खुद पर विश्वास रखो।इस सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत होगा। इसका छायांकन निरव शाह ने किया है।




# अजय देवगन और रोहित शेट्टी की गोलमाल 5 कब रिलीज़ हो रही है?

पुलिस की दुनिया की तीसरी फ़िल्म सिंघम 3 से सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अजय देवगन और रोहित शेट्टी की जोड़ी अब सबकी पसंदीदा कॉमेडी फ्रैंचाइज़ लेकर आ रही है। बॉलीवुड की मशहूर डायरेक्टर-एक्टर जोड़ी में से एक अजय और रोहित गोलमाल 5 में साथ काम करेंगे। जिन्हें नहीं पता, गोलमाल फ्रैंचाइज़ डायरेक्टर रोहित शेट्टी के करियर में मील का पत्थर साबित हुई है। गोलमाल 5 का इंतज़ार कर रहे लोगों के लिए, यहाँ आपके लिए ताज़ा अपडेट है! जी हाँ! गोलमाल 5 प्री-प्रोडक्शन फ़ेज़ में है और जल्द ही रिलीज़ हो सकती है। इसके डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने इंटरव्यू के दौरान कहा कि अजय देवगन के साथ गोलमाल 5 किसी भी नई पुलिस फ़िल्म से पहले बनाई जाएगी।

रोहित शेट्टी ने गोलमाल 5 पर एक बड़ा अपडेट दिया। एक इंटरव्यू के दौरान, रोहित शेट्टी ने खुलासा किया कि वह फिर से पुलिस-एक्शन जॉनर में आने से पहले गोलमाल की हल्की-फुल्की दुनिया में लौटना चाहते हैं। रोहित ने कहा, मुझे लगता है कि गोलमाल किसी भी पुलिस वाली फिल्म से पहले अगली फिल्म होगी। मैं सिंघम जैसी बड़ी परियोजना के बाद गोलमाल बनाने के लिए उत्सुक हूं। यह हल्की-फुल्की और खुशनुमा है।÷ ऐसा लगता है कि गोलमाल 5 2025 के अंत या 2026 की शुरुआत में रिलीज़ हो सकती है।

रोहित शेट्टी और अजय देवगन दोनों ही सिंघम अगेन की सफलता का जश्न मना रहे हैं, जो पुलिस की दुनिया में एक्शन और रोमांच से भरपूर फिल्म है। उनसे एक इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या एक्शन के बाद कॉमेडी फिल्म बनाना और करना चुनौतीपूर्ण है। अजय ने तुरंत जवाब दिया कि उन्हें बदलाव करना आसान लगता है क्योंकि वह एक्शन और कट के बीच ही किरदार में रहते हैं।

अभिनेता ने कहा, ÷हम सेट पर एक दुनिया से दूसरी दुनिया में नहीं जाते। मैं एक्शन और कट के बीच सिंघम हो सकता हूं, लेकिन उसके बाद, मैं बस खुद हूं और अगर मैं हर समय किरदार में रहता, तो मैं पागल हो जाता।÷ गोलमाल के बारे में गोलमाल फ्रैंचाइज़ में अजय देवगन, अरशद वारसी, कुणाल खेमू, करीना कपूर खान और तुषार कपूर जैसे कलाकार हैं।

इसकी शुरुआत गोलमाल~ फन अनलिमिटेड से हुई, जो 2006 में रिलीज़ हुई पहली फ़िल्म थी। इसके बाद गोलमाल रिटर्न्स, गोलमाल 3 और गोलमाल अगेन आई, जिनमें से प्रत्येक ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रशंसक पाँचवीं किस्त गोलमाल 5 का बेसब्री से इंतज़ार कर सकते हैं क्योंकि रोहित और अजय एक बार फिर अपनी कॉमेडी की दमदार खुराक से सभी का मनोरंजन करेंगे।



# प्रियंका चोपड़ा हिंदी सिनेमा में वापसी को तैयार,बोलीं-मैं कुछ अलग तलाश रही हूं...

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों भारतीय सिनेमा में अपनी वापसी को लेकर चर्चा में हैं।उन्हें आखिरी बार हिंदी फिल्म द स्काई इज पिंक में देखा गया था, जिसमें वह फरहान अख्तर के साथ नजर आईं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी और प्रियंका पिछले 5 साल से हिंदी सिनेमा से दूर हैं।अब प्रियंका ने हिंदी फिल्म करने के संकेत दिए हैं। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।प्रियंका ने कहा, मैं कई निर्माताओं से मिलती हूं और कहानी पढ़ती हूं। हिंदी फिल्मों में मैं अलग तरह का रोल तलाश रही हूं। यह साल मेरे लिए वाकई बहुत व्यस्त रहा, लेकिन मेरे पास कुछ है। मैं आप सब लोगों को जल्द बताऊंगी।इसके अलावा जब प्रियंका से फिल्म जी ले जरा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।फरहान ने अपनी फिल्म जी ले जरा की घोषणा 2021 में की थी, लेकिन अभी तक उनकी यह फिल्म शुरू नहीं हो पाई है।इसकी स्टाकरस्ट और कहानी से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं, वहीं कई बार फिल्म के डिब्बा बंद होने की खबरें भी सामने आईं। हालांकि, फिल्म को ठंडे बस्ते में डालने की खबरों को फरहान नकार चुके हैं।इस फिल्म में प्रियंका के साथ आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ भी नजर आएंगी।

CMYK

# सीएम ने शुरू किया निक्षय निरामय अभियान

» खाते में ट्रांसफर किए पैसे...

» सीएम ने कहा...हमारा लक्ष्य 2047 में विकसित हो छत्तीसगढ़...

» कहा...विकसित राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान...

» 100 दिनों तक चलने वाले निक्षय निरामय कार्यक्रम की शुरूआत...




**रायपुर,07 दिसम्बर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 100 दिनों तक चलने वाले राज्य स्तरीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को हर महीने मिलने वाली 1 हजार रुपये की राशि भी ट्रांसफर की। सीएम ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को निक्षय निरामय की शपथ भी दिलाई। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के अंतर्गत अगले 100 दिनों तक राज्य में टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के मरीजों की पहचान की जाएगी और उनका उपचार किया जाएगा। योजना में राज्य के सीनियर सिटीजन को भी शामिल किया गया है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा...बन रहे नए कीर्तिमान

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों की शुरूआत की जा रही है, मेकाहारा जैसे बड़े अस्पतालों पर मरीजों का दबाव कम करने के लिए नए अस्पताल भवन तैयार किए जा रहे हैं और चिकित्सकों की लगातार भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर नया कीर्तिमान स्थापित हो रहा है।

### 2047 तक छत्तीसगढ़ को बनाना है विकसित राज्य

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि विकसित भारत के साथ ही साल 2047 तक छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को हमारी सरकार के कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा हो रहा है। बीते 12 महीनों में हमने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। स्वास्थ्य और शिक्षा, ये दो ऐसे विषय हैं जो सीधे-सीधे राज्य और राष्ट्र के विकास से जुड़े हुए हैं। जब हर नागरिक का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, उन्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी, तो वे राष्ट्र के विकास में अपना अधिकतम योगदान दे पाएंगे।

### सीएम ने की डॉक्टरों की तारीफ

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के साथ ही अनेक दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन के साधनों की कमी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अमले ने अंदरुनी गांवों तक अपनी सेवाएं पहुंचाई हैं। हमारे डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने अनेक दुर्गम गांवों तक पहुंचने के लिए लंबी-लंबी पदयात्राएं कीं, नदी-नालों को भी पार किया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में आप लोगों का यह जज्बा सेना के किसी जवान के जज्बे से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्ति दिलाने के लक्ष्य को हासिल करने में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# ईडी ने की बड़ी कार्यवाही

» ब्रोकर गौरव केडिया को कोलकाता से गिरफ्तार

» शेयर ट्रेडिंग के जरिए खपाता था कालाधन

» गौरव केडिया ने ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में बदला

**रायपुर,07 दिसम्बर 2024(ए)।** महादेव ऐप घोटाला मामले में ईडी ने शेयर ब्रोकर गौरव कुमार केडिया को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। गौरव केडिया पर आरोप है कि उसने महादेव ऐप घोटाले के आरोपियों की ब्लैक मनी को शेयर ट्रेडिंग के जरिए व्हाइट मनी में बदलने में मदद की। यह घोटाला काफी बड़ा है, जिसमें कई आरोपी शामिल हैं, और केडिया का नाम नितिन टिबरेवाल समेत कई अन्य आरोपियों के साथ जुड़ा हुआ है।

### वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल केडिया

गौरव कुमार केडिया को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां विशेष कोर्ट ने उसे 5 दिन की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। इसके साथ ही, ईडी ने 14 दिन की कस्टोडियल रिमांड की भी मांग की है। ईडी के अनुसार, केडिया ने अवैध रूप से अर्जित धन को कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त धन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मामले में जांच जारी है और अन्य आरोपियों से भी पूछताछ की जा रही है। महादेव ऐप के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले अन्य लोगों को भी पकड़े जाने की संभावना है। ईडी की यह कार्रवाई महादेव ऐप से जुड़े वित्तीय अपराधों की जांच को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### फिर बढ़ी सोनवानी और गोयल की रिमांड



**रायपुर,07 दिसम्बर 2024(ए)।** सीजी पीएससी 23 परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में गिरफ्तार पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और व्यापारी एसके गोयल की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी गई है। अब दोनों 20 दिसंबर तक जेल में रहेंगे। आज उनकी न्यायिक रिमांड की अवधि समाप्त होने पर उन्हें सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से रिमांड बढ़ाने का आदेश दिया गया।

### पूर्व टीआई अमित तिवारी की अंतरिम जमानत सुप्रीम कोर्ट में मंजूर



**रायपुर/बलौदाबाजार,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित बलौदाबाजार सेक्स स्कैंडल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बलौदा बाजार कोतवाली के पूर्व टीआई अमित तिवारी की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी किया है और छह सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस संजय करोल की डबल बेंच, ने अमित तिवारी की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने अंतरिम जमानत मंजूर करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और छह सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

### पोटाश बम से घायल हाथी शावक अघन की इन्फेक्शन बढ़ने से मौत



**गरियाबंद,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** गरियाबंद में पोटाश बम से घायल हाथी शावक अघन की शनिवार को मौत हो गई। बता दें कि पोटाश बम के घातक केमिकल से बने हाथी के जीभ के घाव भरने का नाम नहीं ले रहा था। लगातार उपचार के बावजूद जीभ और गले के एक हिस्से में इन्फेक्शन बढ़ रहा था। जिसके चलते शावक ने भोजन त्याग दिया था। हाथी शावक अघन ने दोपहर 3.35 बजे अंतिम सांस ली। उदंती सीता नदी अभ्यारण्य के उपनिदेशक वरुण जैन ने इसकी पुष्टि की है।

# रायपुर राजस्व मंडल में बड़ा घोटाला

» रिटायर्ड अधिकारी को दी गई अहम जिम्मेदारी




**रायपुर,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** रायपुर के पुराना पीएचक्यू स्थित राजस्व मंडल ऑफ़िस में पिछले अक्टूबर माह से अधीक्षक पद पर रिटायर्ड कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है जो अक्टूबर 2024 से रिटायर्ड हो गया है। जिनकी संविदा नियुक्ति नहीं हुई फिर से नया अधिकारी का इंतज़ार किए बिना रिटायर्ड अधिकारियों से ही न्यायालय में काम प्रक्रिया चलायी जा रही है और न्यायालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज को डील करने के लिए रिटायर्ड अधिकारी जो गैर शासकीय अधिकारी कहलाते हैं उनसे काम कराया जा रहा है। जनता से रिश्ता के प्रतिनिधि से बातचीत में राजस्व मंडल के अधिकारी टीपी वर्मा ने बताया कि काम करने वाले कर्मचारी नहीं होने के कारण न्यायालय प्रक्रिया रुक जाएँगी। इसलिए संविदा नियुक्ति का इंतज़ार किए बिना ही रिटायर्ड अधिकारियों को काम में लगाया गया है। उनको ये काम में लगाने का ऑर्डर मैंने लिखित में दिया है। राज्य सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए राजस्व मंडल के अधिकारी ने राज्य सरकार से अनुमति लिए बिना अपने आदेश से ग़ैर क़ानूनी ढंग से रिटायर्ड कर्मचारी को महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी न्यायालय की कैसे दे सकता है। अपनी कारगुजारियों को छुपाने के लिए उक्त कर्मचारी के बैठक कमरे में कैमरा लगा रखा है। जिसे रिटायर्ड कर्मचारी ने उसे कपड़े से ढंक दिया है ताकि किसी को पता नहीं चले कि वहां क्या काला-पीला हो रहा है। प्रदेश में जितने भी सरकारी कार्यालय संचालित हो रहे है वहां भी संविदा में कर्मचारी काम कर रहे है लेकिन इस तरह की मनमानी का यह प्रदेश में पहला मामला है जहां सरकारी कामकाज में अधिकारी सरकार की अनुमति के बिना अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए एक रिटायर्ड अधिकारी को सरकारी कामकाज में लगा रखा है। क्या राजस्व मंडल में सरकारी कानून कायदे अलग है जो उन्हें मनमानी की छूट दे रखा है। सरकार को इस पर संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारी पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



# जंगल में नक्सलियों की फैक्ट्री पर छापा

» जंगल में नक्सली चला रहे थे बंदूक बनाने की फैक्ट्री...

» पुलिस जवानों को मिले कई घातक हथियार...

» नक्सलियों की हथियार फैक्ट्री जवानों किया नेस्तानाबूत...

» सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ चलाया था अभियान...

» भारी मात्रा में नक्सल सामग्री, बीजीएल और मशीनें मिलीं...

**नारायणपुर,07 दिसम्बर 2024(ए)।** सुरक्षा बलों को नारायणपुर जिले के कोहकामेटा क्षेत्र में नक्सलियों की हथियार फैक्ट्री ध्वस्त करने में सफलता मिली है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए अभियान में जवानों ने कई सामग्री भी बरामद की है। जब्त किए गए सामान में बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) व बंदूक बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली हथियार बनाने की मशीन सहित कई सामान जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार नारायणपुर के थाना सोनपुर- कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम वाला, कोंगे, कान्दुलपाड़, पांगुड़ व आसपास के क्षेत्रों में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर दो दिसंबर को डीआरजी व बीएसएफ की संयुक्त पार्टी को अभियान पर भेजा गया था।

### कई खतरनाक सामग्री बरामद

सर्चिंग के दौरान तीन दिसंबर को वाला-पांगुड़ के जंगल में सुरक्षा बलों को बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) व भरमार बंदूक बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली हथियार बनाने की मशीन सहित रसोई गैस सिलेंडर, वेल्डिंग गैस सिलेंडर, फोल्डेबल चेयर, डेटोनेटर, नक्सली वर्दी, पिट्ठू बैंग, सोलर प्लेट, बड़ी संदुके, तेल टिन, साबून एवं भारी मात्रा में नक्सल साहित्य सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री मिली है

# देशभर में खुलेंगे 85 नए केंद्रीय विद्यालय

### छत्तीसगढ़ के मुंगेली सहित इन जिलों में खुलेंगे सेंट्रल स्कूल




**रायपुर,07 दिसम्बर 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय और 28 नवोदय विद्यालय खोलने की स्वीकृति दी गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के लिए 4 नए केंद्रीय विद्यालय मंजूर किए गए हैं। इनमें मुंगेली, सूरजपुर, बेमेतरा और चांपा जांजगीर के हसौद में खोले जाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में कहा कि इस फैसले का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारना और अधिक से अधिक छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है। यह कदम नई शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। वैष्णव ने बताया कि नए केंद्रीय विद्यालयों पर 5,872 करोड़ रुपए और नवोदय विद्यालयों पर 2,360 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। नए केंद्रीय विद्यालयों से 82,560 छात्रों और नवोदय विद्यालयों से 15,680 छात्रों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही करीब 6704 लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा।

### घर बैठे रजिस्ट्री के इच्छुक लोगों को मिलेगी सुविधा

**रायपुर,07 दिसम्बर 2024 (ए)।** अब अतिरिक्त शुल्क देकर अब घर बैठे जमीन की रजिस्ट्री हो सकेगी। छत्तीसगढ़ सरकार के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार



पारिवारिक सदस्यों के आपस में हक त्याग पर मात्र 500 रुपये देकर सम्पत्ति की रजिस्ट्री हो जायेगी। वहीं परिवार से बाहर किसी व्यक्ति के हित में सम्पत्ति का हक त्यागने पर गाइडलाइन के अनुसार 4 प्रतिशत की राशि देय होगी। नई व्यवस्था में 25000 रुपये देकर घर जाकर रजिस्ट्री का प्रावधान किया गया है।

### 15 दिसंबर को बस्तर आएंगे गृहमंत्री अमित शाह



**जगदलपुर,07 दिसम्बर 2024(ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 15 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के दौरे पर बस्तर पहुंचेंगे। इस दौरान वह बस्तर ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में शामिल होंगे और नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल जवानों से मुलाकात करेंगे। गृहमंत्री बस्तर के एक कैंप में रात भी बिताएंगे।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप और टंकराम वर्मा ने बस्तर दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि 15 दिसम्बर का दिन बस्तर के लिए विशेष होगा। गृहमंत्री कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे और शहीदों के परिजनों से भी मुलाकात करेंगे।

# बीजापुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नक्सलियों ने की हत्या




### पहले भी मिल चुकी थी धमकी

**बीजापुर,07 दिसम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सीआरपीएफ कैंप से एक किमी दूर पर शुक्रवार की रात नक्सलियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को घर से निकालकर हत्या कर दी।

बीच बचाव करने पहुंचे बेटे के साथ नक्सलियों ने मारपीट भी की। बताया गया कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के तिम्मापुर गांव रहवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी पद्दम को नक्सलियों द्वारा पहले भी दो बार धमकी दी जा चुकी थी।

बासागुड़ा थाना प्रभारी मनोज कौशिक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बासागुड़ा का तिम्मापुर महिला की हत्या की सूचना मिली है। हमारी टीम मौके पर पहुंची है और मामले की जांच की जा रही है।

# 110 करोड़ की ठगी का मामला आया सामने

### फ्लोरा मैक्स की एजेंट के पति ने की आत्महत्या, 8 दिन में दो ने दी जान..

**कोरबा,07 दिसम्बर 2024(ए)।** महिलाओं को आजीविका से जोड़ने का झांसा देकर फ्लोरा मैक्स कंपनी ने 110 करोड़ रुपये की ठगी की थी। इसके बाद कंपनी के एजेंटों पर निवेशकों के पैसे वापस लौटने का दबाव बढ़ता जा रहा। लोन देने वाले बैंक और निजी फाइनेंस कंपनियां भी एजेंट्स को डरा-धमका रहे है।

इससे महिला एजेंट परेशान हैं, साथ ही स्वजन भी मानसिक प्रताड़ना के दौर से गुजर रहे हैं। एक महिला एजेंट के पति ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों की प्रताड़ना से जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। आठ दिन के अंदर आत्महत्या की यह दूसरी घटना है।

जांजगीर- चांपा जिले के चांपा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम दारंग में रहने वाली नीरा साहू दो साल पहले फ्लोरा मैक्स कंपनी से जुड़ी थी। इस दौरान उसने आस-पास के क्षेत्र के करीब



380 महिलाओं को कंपनी से जोड़ा था। ज्यादातर महिलाओं ने 30-30 हजार रुपये लोन लेकर कंपनी में जमा कराया था।

लोन की किस्त जमा करना किया बंद

कुछ ऐसी भी महिलाएं इसमें शामिल हैं, जिन्होंने 60 से 90 हजार रुपये तक निवेश किया है। कंपनी ने प्रति माह 2,600 रुपये वेतन प्रदान करने और लोन की राशि जमा करने का भी भरोसा दिलाया था। कुछ माह तक लोन की किस्त की राशि कंपनी ने जमा की, फिर अचानक बंद कर दिया गया।

किस्त नहीं पटने पर महिलाओं पर बैंक और निजी कंपनियां नोटिस जारी करने लगीं। महिलाओं ने संयुक्त रूप से चांपा थाना में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया है। उधर, निवेश करने वाली महिलाएं बैंक के कर्जा से मुक्ति पाने नीरा के घर का चक्कर काट रहे थे।

तनाव में जी रहे संतोष ने खाया जहर

नीरा के घर की भी आर्थिक स्थिति चरमरा गई। बेहतर कार्य के लिए कंपनी से नीरा को प्रदान की गई स्कूटी को पुलिस जब्त कर ले गई। निजी फाइनेंस कंपनी के लोग लगातार नीरा और उसके पति संतोष साहू 50 साल के लिए जेल भेज देने की चेतावनी दे रहे थे।

बेहद मानसिक तनाव से गुजर रहे संतोष ने गुरुवार को जहर खा लिया। उसे चांपा स्थित बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान देर रात को उसकी मौत हो गई।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)